निदेशक मंडल द्वारा गठित लेखा परीक्षा समिति में दिनांक 31.03.2020 को दो अंशकालीन गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक तथा एक अंशकालिक (सरकार द्वारा नामित) निदेशक हैं। वर्ष के दौरान आयोजित समिति की सभी बैठकों की अध्यक्षता गैर कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक द्वारा की गई। कंपनी सचिव इस समिति के सचिव हैं। लेखापरीक्षा समिति द्वारा लेखा–परीक्षा कार्यों का निरीक्षण, अति महत्वपूर्ण जॉच की पुनरीक्षा, लेखा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना तथा निदेशक मंडल के समक्ष प्रस्तुत करने से पूर्व वित्तीय विवरणों को स्वीकृति प्रदान करना इसके प्रमुख कार्य हैं। लेखा परीक्षा समिति की भूमिका, कार्यक्षेत्र तथा प्राधिकारों में कंपनी अधिनियम 2013 तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशंस तथा डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स), विनियम 2015 ("लिस्टिंग विनियम") के अंतर्गत अपेक्षित प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करना भी शामिल है।

वर्ष 2019–20 में समिति की चार बैठकें आयोजित हुईं जिनका विवरण नीचे दिया जा रहा है:

क्र.सं.	बैठक की तिथि	उपस्थित सदस्य	अध्यक्ष
1.	30.05.2019	डॉ. जयन्त दासगुप्ता	श्री आर आनन्द
2.	14.08.2019	श्री रजनीश गोयनका श्री आर. आर. सिन्हा	श्री आर. आर. जड़ेजा
3.	13.11.2019	श्री रजनीश गोयनका श्री आर. आर. सिन्हा	डॉ. जयन्त दासगुप्ता
4.	14.02.2020	श्री जी. मंजूनाथ	डॉ. (सुश्री) स्वाधीनता कृष्णा

लेखापरीक्षा समिति के विचार विमर्श में सहायता हेतु कंपनी के अन्य फंक्शनल निदेशक तथा सांविधिक लेखा परीक्षक भी उपरोक्त बैठकों में उपस्थित रहे। उपरोक्त बैठकों के कार्यवृत्त बोर्ड के समक्ष नियमित रूप से सूचनार्थ प्रस्तुत किए गए।

यह भी पुष्टि की जाती है कि लेखा परीक्षा समिति की ऐसी कोई भी सिफारिश नहीं थी जिसे बोर्ड ने स्वीकार न किया हो ।

2. निदेशकों की नामांकन तथा पारिश्रमिक समिति

कंपनीज एक्त, 2013 के प्रावधानों और सूचीबद्ध विनियमों के लागू प्रावधानों के अनुसरण में निदेशको की नामांकन एवं पारिश्रमिक समिति में अंशकालीन नॉन आफिसिएल(स्वतंत्र) निदेशक सुश्री स्वाधीनता कृष्णा अध्यक्ष तथा अंशकालीन नॉन आफिसिएल (स्वतंत्र) निदेशक श्री सशांक प्रिया 31.03.2020 को इसके सदस्य हैं। समिति डीपीई दिशा–निर्देशों, दिनांक 26 नवंबर 2008 के पार्ट डी की अनुसूची में सूचीबद्ध निर्देश के तहत कर्तव्यों और शक्ति प्रयोग करती है। कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं। वर्ष 2019–20 के दौरान समिति की एक बैठक हुईं जिनका विवरण नीचे दिया गया है :–

क्रम संख्या	बैठक की तारीख	उपस्थित सदस्य	अध्यक्ष
1	25.01.2020	श्री जी. मंजूनाथ श्री आर आर जडेजा	श्री रजनीश गोयनका

बैठक के मिनट्स निदेशक मण्डल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत किए गए।

3. स्टेकहोल्डर्स संबंध समिति

निदेशक मंडल द्वारा गठित स्टेक होल्डर्स संबंध समिति की संरचना में 31.03.2020 को श्रीमती स्वाधीनता कृष्णा, अंशकालीन गैर–सरकारी (स्वतंत्र) निदेशक इसके अध्यक्ष हैं, श्री उमेश शर्मा, निदेशक (वित्त) और अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एमएमटीसी इसके सदस्य हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं। समिति शेयरधारकों दूसरे निवेशकों की शिकायतों के समाधान के शीघ्र निपटान पर विचार और देखरेख करती है। वर्ष 2019–20 के दौरान इस समिति की एक बैठक हुई, जिसका विवरण नीचे है :–

क्रम संख्या	बैठक की तारीख	उपस्थित सदस्य	अध्यक्ष
1	13.11.2019	श्री वेद प्रकाश श्री उमेश शर्मा	डॉ. जयंत दासगुप्ता

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान निवेशकों से प्राप्त शिकायतों का विवरण निम्नलिखित है :–

वर्ष के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या	वर्ष के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या	दिनांक 31.03.2020 को लंबित शिकायतों की संख्या
27	27	0

4. शेयर ट्रांसफर समिति

निदेशक मंडल द्वारा शेयर ट्रांसफर समिति गठित की गई है जिसमें एमएमटीसी के सभी फंक्शनल निदेशक इसके सदस्य हैं तथा कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं। समिति ने फिजीकल शेयर ट्रांसफर, रिमैट्रलाइजेशन तथा डिमैट्रलाइजेशन इत्यादि के अनुरोध पर शीघ्र विचार करके अपना अनुमोदन प्रदान करती है। वर्ष 2019–20 के दौरान इस समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गई थी।

5 कार्मिक नीतियों पर निदेशकों की समिति

बोर्ड ने कार्मिक नीतियों की निदेशक समिति का गठन किया है जिसमें अंशकालीन नॉन–ऑफिसियल (स्वतंत्र) निदेशक डॉ. (सुश्री) स्वाधीनता कृष्णा इसके अध्यक्ष, अंशकालीन नॉन–आफिशियल(स्वतंत्र) निदेशक श्री जी. मंजूनाथ तथा एमएमटीसी के निदेशक(विपणन) श्री अश्वनी सोंधी इसके सदस्य हैं। यह समिति सेवा नियमों तथा अन्य कार्मिक नीतियों में परिवर्तन/बनाने पर विचार करने तथा उनके अनुमोदन की सिफारिश निदेशक मंडल को करती है। कंपनी सचिव इस समिति के सचिव हैं। वर्ष 2019–20 के दौरान दिनांक 24.07.2019 तथा 4.12.2019 को इस समिति की बैठकें आयोजित की गई तथा इन बैठकों के कार्यवृत्त निदेशक मंडल के सूचनार्थ प्रस्तुत किए गए।

6 सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों तथा एसोसिएट कंपनियों पर निदेशकों की समिति

निवेशों/विनिवेशों पर विचार करने तथा अनुमोदन की सिफारिश करने, मौलिक मानदंडों/चार्टर/समझौते और उनमें निदेशक मंडल द्वारा किसी परिवर्तन की स्वीकृति और कार्यशील प्रबंधन के साथ पुनरीक्षा करने तथा एमएमटीसी के निवेश के संबंध में रणनीतिक मामलों पर सलाह देने और एमएमटीसी परियोजनाओं के कार्यनिष्पादन/संयुक्त उद्यमों/एसोसिएट कंपनियों/विदेशी कार्यालयों/सहायक कंपनियों के लिए निदेशक मंडल ने ''सहायक कंपनियों, संयुक्त उद्यमों और एसोसिएट कंपनियों'' के लिए निदेशकों की समिति का गठन किया है।

31.03.2020 को एमएमटीसी के सीएमडी श्री वेद प्रकाश इस समिति के अध्यक्ष तथा अंशकालीन नॉन आफिशियल(स्वतंत्र) निदेशक, डॉ. (सुश्री) स्वाधीनता कृष्णा, श्री अश्वनी सोंधी, निदेशक(विपणन) तथा श्री जे. रवि शंकर, निदेशक(विपणन) इसके सदस्य हैं। कंपनी सचिव इस समिति के सचिव हैं। वर्ष 2019–20 के दौरान समिति की कोई बैठक आयोजित नहीं की गईं।

7. सीएसआर एवं सतत विकास पर निदेशकों की समिति

कंपनीज एक्ट, 2013 के प्रावधानों तथा डीपीई द्वारा समय–समय पर जारी दिशा–निर्देशों के अनुसरण में कारपोरेट सामाजिक दायित्व गतिविधियों की देखरेख तथा नियंत्रण हेतु समिति गठित की गई। 31.03.2020 को समिति की संरचना में श्री मंजूनाथ जी, अध्यक्ष के रूप में अंशकालिक नॉन–ऑफिसयल (स्वतंत्र) निदेशक के साथ अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, निदेशक (वित्त) और निदेशक (का) इसके सदस्य हैं। कंपनी सचिव समिति के सचिव हैं।

वर्ष 2019–20 के दौरान इस समिति की नीचे दिए गए विवरण के अनुसार एक बैठक बुलाई गई :–

क्र.सं.	बैठक की तारीख	उपस्थित सदस्य	अध्यक्ष
1	09.08.2019	श्री आर. आर. सिन्हा डॉ. जयंत दास गुप्ता	श्री रजनीश गोयंका

इस बैठक के मिनट्स निदेशक मण्डल के समक्ष सूचनार्थ प्रस्तुत किए गए।

8. निदेशकों की फंक्शनल मैनेजमेंट कमेटी

निदेशक मंडल द्वारा गठित निदेशकों की फंक्शनल मैनेजमेंट कमेटी में एमएमटीसी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक समिति के अध्यक्ष, सभी फंक्शनल निदेशक समिति के सदस्य तथा कंपनी सचिव समिति के सचिव के रूप में शामिल हैं। कम्पनी अधिनियम, 2013/अन्य विधिक प्रावधानों के अधीन विनिर्दिष्ट, निदेशक मंडल की बैठक में विचार एवं निर्णय लिए जाने वाले मामलों और/अन्य शेयरधारकों तथा अन्य विनिर्दिष्ट मामलों और बोर्ड द्वारा निर्णय अथवा विचारार्थ आरक्षित मामलों और एमएमटीसी के आर्टिकल आफ एसोसिएशन के अनुच्छेद 99 के अधीन निदेशक मंडल द्वारा गठित किसी अन्य समिति द्वारा लिए जाने वाले निर्णय को छोड़कर समय–समय पर निदेशक मंडल द्वारा अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक को प्रदत्त शक्तियों के उपर सभी मामलों में निर्णय लेने के लिए शक्तियां प्रदान की गई हैं। वर्ष 2019–20 के दौरान समिति की सत्ताइस बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों के कार्यवृत्त निदेशक मंडल के सूचनार्थ प्रस्तुत किए गए।

9. निदेशकों की जोखिम प्रबंधन समिति

कंपनी के सभी फंक्शनल निदेशकों को सदस्य के रूप में तथा अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को इसके अध्यक्ष के रूप में शामिल करते हुए अगस्त 2016 में निदेशकों की जोखिम प्रबंधन समिति गठित की गई। यह समिति लिस्टिंग एग्रीमेंट तथा समय–समय पर संशोधित कानून के अन्य प्रावधानों में विनिर्दिष्ट भूमिका के तहत कार्य करेगी। कंपनी सचिव इस समिति के सचिव रहेंगे। वर्ष 2019–20 के दौरान इस समिति की नीचे दिए गए विवरण के अनुसार एक बैठक बुलाई गई :–

क्र.सं.	बैठक की तारीख	उपस्थित सदस्य	अध्यक्ष
1	28.11.2019	श्री अश्वनी सोंधी श्री उमेश शर्मा श्री जे. रवि शंकर	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (श्री वेद प्रकाश)

आम सभा बैठकें

कंपनी की आम सभा बैठकें कंपनी के पंजीकृत कार्यालय निकटवर्ती स्थान पर आयोजित की जाती हैं। विगत तीन वित्तीय वर्षों के दौरान आयोजित ऐसी बैठकों के विवरण नीचे दिये गए हैं :–

बैठक का प्रकार	तारीख व समय	पारित विशेष संकल्प
54वीं वार्षिक आम बैठक	26.09.2017 को 1100 बजे	शून्य
55वीं वार्षिक आम बैठक	28.09.2018 को 1100 बजे	शून्य
56वीं वार्षिक आम बैठक	30.09.2019 को 1130 बजे	शून्य

प्रकटन

ए) निदेशक मण्डल के किसी भी सदस्य का कंपनी के साथ कोई आर्थिक संबंध अथवा लेन–देन नही है।

बी) विशेष रूप से संबंधित पक्षकारों के बीच कोई लेनदेन नहीं हुआ है अर्थात कंपनी का अपने प्रोमोर्ट्स, निदेशकों अथवा प्रबंधन, सहायक कंपनियों अथवा संबंधियों इत्यादि के साथ ऐसी कोई महत्वपूर्ण प्रकृति का लेन–देन नहीं हुआ है जिससे कंपनी के हित प्रभावित होने की शंका हो। ''संबंधित पक्ष लेन–देन'' के अन्य विवरण वार्षिक रिपोर्ट में लेखों के भाग के नोट्स में प्रकट किये गये हैं।

सी) कंपनी ने इम्पलाइज स्टॉक आप्शन स्कीम को नहीं अपनाया है।

डी) कंपनी ने ''व्हिसल ब्लोअर पालिसी'' तैयार की है जिसे एमएमटीसी की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया गया है।

ई) कंपनी ने एक विजिल मैकेनिजम तैयार किया है जिसे कंपनी की वेवसाइट पर प्रदर्शित किया गया है।

एफ) कंपनी सेबी (एलओडीआर), 2015 दिशा निर्देशों, 2015 कंपनी एक्ट 2013 और रिपोर्ट में रेखांकित को छोड़कर डीपीई, भारत सरकार के द्वारा सार्वजनिक उपक्रमों के कारपोरेट गर्वनेंस के दिशा–निर्देशों का व्यापकता से पालन किया है।

जी) कंपनी पर स्टॉक एक्सचेंज या सेबी या किसी अन्य सांविधिक प्राधिकार का या किसी अन्य पूंजीबाजार से संबंधित मामले में इनके द्वारा कंपनी पर विगत तीन वर्षों के दौरान कोई जुर्माना या आक्षेप नहीं लगाया गया।

एच) सेबी (एलओडीआर) विनियमों, 2015 की अनुसूची V का भाग सी के खंड 9 (एन) के अनुसरण में, इस रिपोर्ट के अनुलग्नक–सी पर सूचीबद्ध अस्तित्व के द्वारा वस्तु जोखिम दिए गए हैं।

सीईओ/सीएफओ प्रमाणन

सेबी (एलओडीआर) विनियमों 2015 के विनियम 17(8) के अंतर्गत आवश्यक कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और सीएफओ द्वारा हस्ताक्षरित 30 मई 2019 को हुई निदेशक मंडल की बैठक में प्रस्तुत किया गया और उक्त कारपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट में अनुलग्न (अनुलग्नक–ए) किया गया है।

सूचना के साधन

कंपनी के तिमाही, अर्ध–वार्षिक अनअंकेक्षित परिणामों को संबंधित अवधि की समाप्ति के 45 दिनों के भीतर तथा कम्पनी के वार्षिक अंकेक्षित परिणामों को 60 दिनों के भीतर घोषित किया जाता है, जिन्हें प्रमुख राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित किया जाता है तथा कंपनी की वेबसाइट www.mmtclimited.com पर अपलोड किया जाता है।

शेयरधारकों की सूचना

(ए) वार्षिक आम बैठकः

कंपनी की 57 वीं वार्षिक आम बैठक दिनांक 24 दिसंबर, 2020 को वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियों विजुअल साधन (ओएवीएम) द्वारा निर्धारित है।

(बी) वर्ष 2020–21 के लिए वित्तीय कैलेंडर

प्रथम तिमाही परिणाम(अनअंकेक्षित) दिनांक 14.09.2020 को घोषित किया गया। ।

द्वितीय तिमाही परिणाम(अनअंकेक्षित) दिनांक 13.11.2020 को घोषित किया गया।

तृतीय तिमाही परिणाम(अनअंकेक्षित) दिनांक 14.02.2021 को अथवा इससे पहले घोषित किए जाएंगे।

चतुर्थ तिमाही परिणाम(अंकेक्षित) तथा वर्ष 2020–21 के वार्षिक अंकेक्षित परिणाम दिनांक 30.05.2021 को या इससे पूर्व लिस्टिंग एग्रीमेंट के वर्तमान लागू प्रावधानों के अनुसार घोषित किए जाएंगे।

(सी) बुक क्लोजर की तिथियां

दिनांक 17.12.2020 से दिनांक 24.12.2020 तक शेयर अन्तरण पुस्तिकाओं तथा सदस्यों के रजिस्टर को बंद रखा जाएगा। (वार्षिक आम बैठक के लिए दोनों दिन शामिल हैं)

(डी) लाभांश भुगतान

विगत तीन वर्षों के दौरान प्रदत्त लाभांश का विवरण इस प्रकार है:–

वर्ष	2016–17	2017–18	2018–19
दर	30 प्रतिशत	30 प्रतिशत	30 प्रतिशत
दिनांक	17.10.2017	20.10.2018	18.10.2019

(ई) स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्धता: कंपनी के शेयर बीएसई तथा एनएसई में सूचीबद्ध हैं। दोनों स्टॉक एक्स्चेंजों को वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए लिस्टिंग शुल्क का भुगतान किया जा चुका है।

(एफ) बाजार–मूल्य डाटा: वर्ष 2019–20 के दौरान मुंबई स्टॉक एक्सचेंज/एनएसई पर उद्धृत/व्यापार किए गए एमएमटीसी के स्क्रिप का माहवार बाजार भाव आंकड़ा नीचे दिया जा रहा है:

महीना	अधिकतम (रू.)	न्यूनतम (रू.)	महीना	अधिकतम (रू.)	न्यूनतम (रू.)
बाम्बे स्टॉक एक्सचेंज			**नेशनल स्टॉक एक्सचेंज**		
अप्रैल 2019	29.65	25.95	अप्रैल 2019	29.60	25.95
मई 2019	28.05	23.75	मई 2019	28.10	23.70
जून 2019	26.70	22.30	जून 2019	26.70	22.30
जुलाई 2019	25.25	19.30	जुलाई 2019	25.25	19.35
अगस्त 2019	21.45	17.30	अगस्त 2019	21.40	17.20
सितंबर 2019	26.50	15.95	सितंबर 2019	26.55	16.00
अक्तूबर 2019	19.55	14.00	अक्तूबर 2019	19.55	14.15
नवंबर 2019	20.00	17.40	नवंबर 2019	19.95	17.30
दिसंबर 2019	22.75	17.40	दिसंबर 2019	22.90	17.30
जनवरी 2020	24.35	18.50	जनवरी 2020	24.35	18.45
फरवरी 2020	22.50	17.00	फरवरी 2020	22.50	17.00
मार्च 2020	18.00	09.90	मार्च 2020	17.85	09.90

(जी) रजिस्ट्रार तथा ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए): मेसर्स एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, एफ–65 ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–I, नई दिल्ली–110020 को दिनांक 01 अप्रैल, 2015 से डिमैटरियलाइज्ड तथा फिजिकल दोनों प्रकार के शेयरों के लिए कंपनी का रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेन्ट नियुक्त किया गया है।

(एच) शेयरों का डिमैटरियलाइजेशन: सीडीएसएल तथा एनएसडीएल द्वारा आईएसआईएन संख्या: आईएनई123एफ01029 के साथ, एमएमटीसी लिमिटेड के शेयर डिमैटरियलाइज्ड रूप में व्यापार करने हेतु स्वीकृत सिक्यूरिटी के रूप में स्वीकार किए गए।

31 मार्च, 2020 को एमएमटीसी लिमिटेड के 1/– रुपए प्रतिशेयर के अंकित मूल्य की दर से 150 करोड़ इक्विटी शेयरों में से 1348903143 शेयर भारत के राष्ट्रपति के नाम पर हैं और 151096857 शेयर डिमैटरियलाइज्ड रूप में अन्य के पास हैं, और केवल 2831 शेयर फिजिकल रूप में हैं।

(आई) शेयर अंतरण पद्धति: कंपनी के शेयरों का ट्रांसफर इनके प्रस्तुत किए जाने पर मानक अवधि के भीतर हो जाता है। डिमैटरियलाइज्ड रूप में उपलब्ध शेयरों का अन्तरण डिपाजिटरी प्रतिभागियों के माध्यम से एनएसडीएल/सीडीएसएल द्वारा इलेक्ट्रोनिक फार्म में प्रोसेस तथा अनुमोदित किया जाता है। दिनांक 31.03.2020 को शेयर अन्तरण का कोई भी मामला लम्बित नहीं था। शेयर अंतरण तथा निवेश संबंधी सभी मामले आरटीए कार्यालय अर्थात एमसीएस लिमिटेड द्वारा देखे तथा प्रोसेस किए जाते हैं। शेयरधारक अंतरण डीड तथा अन्य किसी दस्तावेजों इत्यादि को एमएमटीसी लिमिटेड के आरटीए कार्यालय में उपरोक्त पते पर जमा करा सकते हैं।

(जे) दिनांक 31.03.2020 को शेयर होल्डिंग का वितरण : दिनांक 31.3.2020 की शेयरहोल्डिंग के वितरण का विवरण नीचे दिया गया है :–

श्रेणी कोड	शेयरहोल्डर की श्रेणी	शेयरहोल्डर्स की संख्या	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों की संख्या की शेयर–होल्डिंग प्रतिशत में
(ए)	**प्रोमोटर तथा प्रोमोटर ग्रुप की शेयरहाल्डिंग**			
(i)	केंद्र सरकार	**1**	**1348903143**	**89.927**
(बी)	पब्लिक शेयरहोल्डिंग			
(ए)	केंद्र सरकार / राज्य सरकार	**1**	**10264**	**0.001**
(बी)	म्युचुअल फंड्स / ए आई एफ	**3**	**653906**	**0.044**
(सी)	वित्तीय संस्थान / बैंक	**3**	**390945**	**0.026**
(डी)	बीमा कंपनीज	**6**	**60025104**	**4.002**
(ई)	विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक	**5**	**1043808**	**0.070**
	गैर–संस्थान			
(ए)	कारपोरेट निकाय	**565**	**6274386**	**0.418**
(बी)	व्यक्तिगत होल्डर्स जिनकी शेयर पूंजी 2 लाख रूपए तक है	**109362**	**78928068**	**5.262**
(सी)	व्यक्तिगत होल्डर्स जिनकी शेयर पूंजी 2 लाख रूपए से अधिक है	**6**	**1606442**	**0.107**
(डी)	ट्रस्ट तथा फाउंडेशन	**6**	**19200**	**.001**
(ई)	नॉन रेजिडेंट व्यक्ति	**1064**	**2091234**	**0.139**
(एफ)	आरबीआई के साथ पंजीकृत एनबीएफसी	**3**	**53500**	**0.004**
	कुल	**111025**	**1500000000**	**100**

टिप्पणी : कोई भी जीडीआर / एडीआर / वॉरन्ट / परिवर्तनीय दस्तावेज बकाया नहीं है।

(के) 31.03.2020 को 10 सबसे बड़े शेयरधारक

क्र.सं.	नाम	शेयरों की संख्या	शेयरों का प्रतिशत
1	भारतीय जीवन बीमा निगम	50909511	3.394
2	यूनाईटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	3682471	0.245
3	जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन ऑफ इंडिया	2760000	0.184
4	दि न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी	1712446	0.114
5	नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	675268	0.045
6	एमवी एससीआईएफ, मारीशस	657168	0.043
7	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड	639672	0.043
8	एक्सिस बैंक लिमिटेड	394188	0.026
9	केनरा बैंक	387178	0.026
10	रविकुमार रामकिशोर सनवल्का	296000	0.011

(एल) 31.03.2020 को शेयरहोल्डिंग का वितरण

श्रेणी (शेयर)	शेयरों की संख्या	शेयरहोल्डिंग का प्रतिशत	शेयरधारकों की कुल संख्या	शेयरधारकों का प्रतिशत
1-500	12483498	0.8322	86916	74.6297
501-1000	10392991	0.6929	13582	11.6621
1001-2000	12309641	0.8206	8322	7.1456
2001-3000	7937447	0.5292	3052	2.6206
3001-4000	3976756	0.2651	1112	0.9548
4001-5000	4343838	0.2896	942	0.8088
5001-10000	10850133	0.7233	1502	1.2897
10001-50000	17686388	1.1791	924	0.7934
50001-100000	5408542	0.3606	78	0.067
	1414610766	94.3074	33	0.0283
कुल	**1500000000**	100	116463	100

(एम) 31.03.2020 को शेयरधारकों का भौगोलिक वितरण

क्र. सं.	शहर	शेयरधारकों की संख्या	कुल शेयरधारकों का प्रतिशत	शेयरों की संख्या	कुल शेयरों का प्रतिशत
1	दिल्ली	13355	11.47	1357871893	90.5
2	चण्डीगढ़	410	0.3520	264639	0.018
3	कानपुर	770	0.6612	496739	0.033
4	जयपुर	2243	1.926	1556256	0.104
5	अहमदाबाद	6486	5.569	4993854	0.333
6	मुंबई	12946	11.12	73615520	4.91
7	नागपुर	589	0.5057	318484	0.021
8	हैदराबाद	2726	2.341	2865970	0.191
9	बंगलूरू	3435	2.949	2639488	0.176
10	चेन्नई	3001	2.577	7288429	0.486
11	त्रिवेन्द्रम	175	0.1503	96928	0.006
12	कोलकाता	4051	3.478	4362307	0.291
13	भुवनेश्वर	328	0.2816	203701	0.014
14	गुवाहाटी	271	0.2327	349953	0.023
15	पटना	535	0.4594	313808	0.021
16	अन्य	65142	55.927	42762031	2.854

(एन) शेयरधारकों/अन्य निवेशकों की शिकायतें : –

शेयरधारकों/अन्य निवेशक अपनी शिकायत कम्पनी सचिव को ई–मेल आईडी ganarayanan@mmtclimited.com पर भेज सकते हैं।

(ओ) पत्राचार का पता : बोर्ड सचिवालय, एमएमटीसी लिमिटेड, कोर –1, स्कोप कॉम्पलेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003 फोन संख्या : 011–24361889 ई–मेल : ganarayanan@mmtclimited.com

कॉरपोरेट गवर्नेंस रिपोर्ट के लिए अनुलग्नक–क

सेबी के विनियमन 17 (8) के प्रावधानों (लिस्टिंग दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं) विनियम, 2015 के प्रावधान के अनुसार, इसके द्वारा यह प्रमाणित है कि:

क) 31.03.2020 को समाप्त हुए वित्तीय विवरणों और नकदी प्रवाह विवरण की समीक्षा की गई है और यह हमारी जानकारी और विश्वास से :

i) इन विवरणों में कोई ठोस रूप से असत्य कथन शामिल नहीं है और नही किसी भी भौतिक तथ्य को छोडा गया हैं या ऐसे विवरणों को शामिल किया गया है जो भ्रामक हो सकते हैं।

ii) ये विवरण एक साथ कंपनी के मामलों का सही और निष्पक्ष तस्वीर पेश करते हैं और मौजूदा लेखांकन मानकों, लागू कानूनों और विनियमों के अनुपालन में है।

ख) हमारी जानकारी और विश्वास के अनुसार, कंपनी द्वारा उस वर्ष के दौरान कोई लेन–देन नहीं किया गया है जो कंपनी की आचार संहिता के साथ धोखाधडी, अवैध या उल्लंघन है।

ग) हम वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए आंतरिक नियंत्रणों को स्थापित करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और हमने वित्तीय रिपोर्टिंग से संबंधित कंपनी के आंतरिक नियंत्रण प्रणालियों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया है और हमने लेखा परीक्षकों और लेखा परीक्षा समिति को इस तरह के आंतरिक नियंत्रणों की संरचना, संचालन में कमियों, यदि कोई हो, से अवगत कराया है ,, जिसके बारे में हम जागरूक हों और इन कमियों को दूर करने के लिए हमने कदम उठाए हैं या प्रयास किया है।

घ) हमने लेखा परीक्षकों और लेखा परीक्षा समिति को संकेत दिया है:

i) वर्ष के दौरान वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण में महत्वपूर्ण परिवर्तन।

ii) वर्ष के दौरान लेखांकन नीतियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन और वित्तीय विवरणों के लिए टिप्पणियों में इसका खुलासा किया गया है, तथा

iii) बड़ी धोखाधडी के उदाहरण, जिनके बारे में हम जागरूक हो गए हैं और वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक नियंत्रण प्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले प्रंबधन या एक कर्मचारी, यदि कोई हो, की भागीदारी है।

हस्ता/–
(कपिल कुमार गुप्ता)
निदेशक (वित्त) व सीएफओ

हस्ता/–
(संजय चड्ढा)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

कारपोरेट गवरनेंस रिपोर्ट का अनुलग्नक–बी
एमएमटीसी लिमिटेड की लाभांश वितरण नीति

I पृष्टभूमि

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (भारत में लिस्टिंग और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 43 ए, जो बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष पांच सौ सूचीबद्ध संस्थाओं (प्रत्येक वित्तीय वर्ष के 31 मार्च को गणना) के लिए लाभांश वितरण नीति तैयार कराती है, जिसे उनकी वार्षिक रिपोर्ट में और उनके वेबसाइटों में प्रकट की जानी होती है।

चूंकि 31 मार्च, 2016 के मापदंड के अनुसार एमएमटीसी शीर्ष 500 सूचीबद्ध संस्थाओं में से है, इसलिए लाभांश वितरण नीति तैयार की गई है।

II नीतिगत ढांचा

नीति को मोटे तौर पर कंपनी अधिनियम के प्रावधानों और निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम), वित्त विभाग, सार्वजनिक उपक्रम विभाग द्वारा ''केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों के पूंजी पुनर्गठन'' के लिए जारी दिशानिर्देशों, सेबी और प्रयोज्य सीमा तक लागू अन्य दिशानिर्देश के आधार पर लिया गया है।

III विचारनीय कारक

एमएमटीसी लगातार लाभांश का भुगतान कर रहा है और सभी हितधारकों को अनवरत मूल्य देने के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशक मंडल की सिफारिशों के आधार पर, कंपनी के शेयरधारकों की वार्षिक आम बैठक में लाभांश घोषित किया जाता है। लाभांश की सिफारिश बोर्ड के विवेकाधिकार पर है। बोर्ड अंतरिम लाभांश भी घोषित कर सकता है।

डिविडेंड पे–आउट के संबंध में निर्णय एक महत्वपूर्ण निर्णय है क्योंकि यह कंपनी के शेयरधारकों के बीच वितरित किए जाने वाले लाभ की राशि को उसके भरण–पोषण और विकास योजनाओं के लिए आंतरिक आय–बचत की तैनाती की आवश्यकता के साथ संतुलित करता है। आमतौर पर लाभांश की सिफारिश ध घोषणा करने से पहले जिन कारकों पर विचार किया जाता है, वे इस प्रकार हैं:

ए. परिस्थितियां जिनके तहत कंपनी के शेयरधारक लाभांश की उम्मीद कर सकते हैं या नहीं कर सकते हैं।

लाभांश के लिए कोई भी सिफारिश करने से पहले बोर्ड द्वारा आमतौर पर जिन कारकों पर विचार किया जा सकता है, उनमें शामिल हैं भविष्य के पूंजीगत व्यय की योजना, वित्तीय वर्ष के दौरान अर्जित लाभ, वैकल्पिक स्रोतों से धन जुटाने की लागत, नकदी प्रवाह की स्थिति सहित लाभांश पर कर, इसके अलावा भी समय–समय पर लागू होने वाले दिशानिर्देश।

बी. लाभांश घोषित करते समय वित्तीय पैरामीटर पर विचार किया जाएगा

सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज होने के नाते, कंपनी ''सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज के कैपिटल रीस्ट्रक्चरिंग'' पर डीआईपीएएम द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार लाभांश घोषित करने का प्रयास करती है।

भारत सरकार ने दिनांक 27.05.2016 को प्रत्येक सीपीएसई को पीएटी के न्यूनतम वार्षिक लाभांश का 30% या निवल मूल्य का 5% जो भी उच्चतर कानूनी प्रावधानों के तहत अनुमन्य अधिकतम लाभांश के अधीन हो का भुगतान करना अनिवार्य किया है।

बहरहाल, कंपनी से अपेक्षा की जाती है कि वह जिस अधिनियम के तहत स्थापित है, उसके अधीन अनुमन्य अधिकतम लाभांश का भुगतान करे, जब तक कि मामले दर मामले पर निम्नलिखित वित्तीय मानदंडों पर विचार करने के बाद वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के स्तर पर कम लाभांश भुगतान को न्यायसंगत न ठहराया जाए।

(i) निवल मूल्य और ऋण लेने की क्षमता

(ii) दीर्घकालिक उधार

(iii) सीएपीईएक्स / व्यापार विस्तार की जरूरत

(iv) सीएपीईएक्स की जरूरतों के अनुरूप आगे लाभ उठाने के लिए लाभ का प्रतिधारण तथा

(v) नकद और बैंक बैलेंस।

सी. आंतरिक और बाहरी कारक जिन्हें लाभांश की घोषणा के लिए विचारनीय माना जाएगा

सी.1 आंतरिक कारक

कंपनी के नेट वर्थ

डीआईपीएएम, सरकार द्वारा जारी किए गए मौजूदा दिशानिर्देशों के अनुसार भारत का, प्रत्येक सीपीएसई, पीएटी के 30% या निवल मूल्य के 5% का न्यूनतम वार्षिक लाभांश का भुगतान करेगा, जो भी अतिरिक्त कानूनी प्रावधानों के तहत अनुमन्य अधिकतम लाभांश के अधीन है। सरकारी कंपनी होने के नाते, एमएमटीसी को इन दिशानिर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

उपरोक्त मापदंडों के अलावा, कंपनी विभिन्न अन्य आंतरिक कारकों पर भी विचार कर सकती है, जो अन्य बातों के साथ शामिल हैं।

- मौजूदा व्यवसायों की वर्तमान और भविष्य की पूंजी की आवश्यकताएं
- कंपनी के सहायक / सहयोगियों में अतिरिक्त निवेश
- कोई अन्य कारक जिसे बोर्ड उचित समझे।

सी.2 बाहरी कारक

सी.2.1 आर्थिक माहौल

अनिश्चित या मंदी की आर्थिक और व्यावसायिक स्थितियों के मामले में, कंपनी भविष्य के अप–डाउन को बनाए रखने के लिए मुनाफे के बड़े हिस्से को प्रतिधारण रखने का प्रयास करेगी।

सी.2.3 वैधानिक प्रावधान और दिशानिर्देश

कंपनी लाभांश की घोषणा के संबंध में कंपनी अधिनियम द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का पालन करेगी। इसके अलावा, एक सरकारी कंपनी होने के नाते, कंपनी भारत सरकार या किसी अन्य वैधानिक निकायों द्वारा लाभांश घोषणा के संबंध में समय–समय पर जारी दिशानिर्देशों पर भी विचार करेगी। ।

डी. प्रतिधारित आय का उपयोग

कंपनी विभिन्न वस्तुओं के व्यापार में लगी हुई है और कंपनी द्वारा किए जा रहे व्यवसाय की लाइन में विविधीकरण उपायों के हिस्सा के रूप में संयुक्त उद्यम बना सकती है। प्रतिधारित कमाई को कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में विस्तृत रूप से वर्णित कंपनी की उद्देश्यों के लाईन के अनुरूप अभिनियोजित किए जाएँगे, जो कंपनी के व्यवसायिक विकास और संचालन में वृद्धि करेगा।

ई. विभिन्न वर्गों के शेयरों के संबंध में अपनाए जाने वाले पैरामीटर

रिकॉर्ड तिथि पर, कंपनी के इक्विटी शेयरों के धारक लाभांश प्राप्त करने के हकदार हैं। चूंकि कंपनी ने समान वोटिंग अधिकारों के साथ इक्विटी शेयरों का केवल एक वर्ग जारी किया है, इसलिए कंपनी के सभी सदस्य प्रति शेयर लाभांश की समान राशि प्राप्त करने के हकदार हैं। किसी भी नए वर्ग के शेयरों के जारी होने के समय की प्रकृति और दिशा–निर्देशों के आधार पर इस नीति को संशोधित किया जाएगा।

अन्य प्रावधान

किसी भी वैधानिक अधिनियम, नियम, विनियम आदि में किसी भी उत्तरवर्ती परिवर्तन के मामले में, जो इस नीति में किसी भी प्रावधान को उनके साथ असंगत बनाता है, तो नीति के तहत वैधानिक अधिनियम, नियम, विनियम आदि के प्रावधान प्रबल होंगे।

सीएमडी नीति में किसी भी मामूली संशोधन / विचलन को मंजूरी देने के लिए अधिकृत है और इस नीति के संबंध में किसी भी व्याख्या के लिए सक्षम प्राधिकारी होगा।

****

कारपोरेट गवरनेंस रिपोर्ट का अनुलग्नक–सी

1. जोखिम प्रबंधन नीति : कंपनी के व्यवसाय से जुड़े विभिन्न जोखिमों से निपटने के लिए निदेशकों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा विधिवत स्वीकृति मिलने के बाद निदेशक मंडल जोखिम प्रबंधन नीति का अनुमोदन करता है ।
2. वर्ष के दौरान कंपनी द्वारा सामना किये गये कमोडिटी जोखिम और कमोडिटी की सूचीबद्ध कंपनी का एक्सपोजर
3. भारतीय रुपये में कमोडिटी के लिए सूचीबद्ध इन्टाइटी का कुल एक्सपोजर और (ख) विभिन्न कमोडिटिज के लिए सूचीबद्ध इन्टाइटी का एक्सपोजर

31.03.2020 को

कमोडिटी का नाम	विशेष कमोडिटी के लिए भारतीय रू. में एक्सपोजर	विशेष कमोडिटी के लिए कि.ग्रा. मात्रा में एक्सपोजर	कमोडिटी डेरिवेटिव्स के माध्यम से ऐसे हैज्ड एक्सपोजर का %				
			घरेलू बाजार		अंतर्राष्ट्रीय बाजार		कुल
			ओटीसी	एक्सचेंज	ओटीसी	एक्सचेंज	
सोना	42.09	98	-	100%	-	-	100%
सिल्वर	9.24	2340	-	46%	-	-	46%

टिप्पणी :

1. सिल्वर हेजिंग अक्टूबर 2018 से आरंभ हुई।
2. सिल्वर की की आरंभिक स्थिति 2743.09 कि.ग्रा. है।
3. निगम ने कमोडिटी जोखिम का सामना किया।

   मूल्य में बदलाव का जोखिम कमोडिटी एक्सचेंज में शामिल है, लेकिन पाइंट सं. 2 में दी गई सिल्वर की मात्रा इससे अलग हैं।

J. K. Gupta & Associates
(Company Secretaries)
256 & 257, Vardhman City Center 2,
Near Shakti Nagar Railway Under Bridge,
Gulabi Bagh, Delhi- 110052

Tel : +91-11-23644449
+91-11-23654449
+91-11-23644447
Fax : +91-11-23644448
Mobile : +91-9810043622
Website : www.jkgupta.com
E-mail : jitesh@jkgupta.com

कारपोरेट गवर्नेंस का अनुपालन प्रमाणपत्र

सेवा में
एमएमटीसी सदस्य

1. हमने 31 मार्च 2020 को एमएमटीसी लिमिटेड द्वारा कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन की जांच की है। यह जांच सिक्युरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेग्युलेशन 2015 (इसके बाद इसे लिस्टिंग रेग्युलेशन कहा गया है) रेग्युलेशन 17 से 27 तथा लोक विभाग द्वारा केन्द्रीय लोक उद्यम क्षेत्र (इसके बाद इसे कारपोरेट गवर्नेंस डीपीई दिशानिर्देश कहा गया) के लिए कारपोरेट गवर्नेंस के दिशा निर्देशों में अनुबंध है।

2. कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के अनुपालन का दायित्व प्रबंधन का है। हमारी समीक्षा में कंपनी द्वारा उक्त विनियमों में अनुबंध कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों के साथ कारपोरेअ गवर्नेंस को सुनिश्चित करने के लिए अपनाई गई प्रक्रियाऐं तथा इसका अनुपालन शामिल है। यह न ही कंपनी के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा है और न ही इन पर अपना मत प्रकट करना है।

3. हमारे विचार से तथा हमें मिली सूचना, हमें दिए गए स्पष्टीकरण तथा हमें दिए गए रिप्रेजेंटेशन के अनुसार तथा निदेशकों व प्रबंधन द्वारा दिए गए रिप्रेजेंटेशन के अनुसार, हम प्रमाणित करते हैं कि कंपनी ने उपरोक्त लिस्टिंग रेग्यूलेशन्स, उनमें उल्लिखित निम्नलिखित शर्तों को छोडकर, लागू शर्तों का अनुपालन करते हुए, कारपोरेट गवर्नेंस की शर्तों का अनुपालन किया है:

क. कंपनी के बोर्ड में स्वतंत्र निदेशकों की आवश्यक संख्या की नियुक्ति के संबंध में केन्द्रीय लोक उद्यम क्षेत्र के लिए कारपोरेट गवर्नेंस के डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.2 ओर सिक्युरिटिज़ और एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (लिस्टिंग आब्लीगेशन्स और डिस्कॉलोजर रिक्वायरमेंट) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(बी) का अनुपालन

ख. कंपनी के बोर्ड में फंक्शनल निदेशकों की आवश्यक संख्या की नियुक्ति के संबंध में केन्द्रीय लोक उद्यम क्षेत्र के लिए कारपोरेट गवर्नेंस के डीपीई दिशानिर्देशों के खंड 3.1.2 ओर सिक्युरिटिज़ और एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (लिस्टिंग आब्लीगेशन्स और डिस्कॉलोजर रिक्वायरमेंट) विनियम, 2015 के विनियम 17(1)(ए) का अनुपालन

हमारा यह भी कहना है कि इस प्रकार का अनुपालन न तो कंपनी की भावी व्यावहारिकता और न ही ऐसी किसी दक्षता या कार्यसाधकता के लिए है ऐसा आश्वासन है जिसमें कंपनी के प्रबंधन द्वारा कंपनी का कामकाज किया जाता है।

कृते जे.के. गुप्ता एंड एसोसिएट्स

जितेश गुप्ता
एफसीएस संख्या : 3978
सी.पी.संख्या : 2448
यूडीआईएन : एफ003978बी000939649

स्थान : नई दिल्ली

एमएमटीसी लिमिटेड
व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट वित्त वर्ष 2019–20

कंपनी के विषय में

एमएमटीसी श्रेणी–I का मिनी रत्न केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है जो 1963 में निगमित हुआ था। यह देश की सबसे बड़ी अतंर्राष्ट्रीय व्यापारिक कंपनियों में से एक है जिसका पंजीकृत कार्यालय कोर–1, स्कोप काम्पलेक्स, 7, इंस्टीट्यूशनल एरिया, लोदी रोड, नई दिल्ली–110 003 में है। भारत के प्रमुख शहरों एवं बंदरगाहों पर कंपनी के 09 क्षेत्रीय कार्यालय तथा इसके पूर्ण स्वामित्व वाली एक सहायक कंपनी एमएमटीसी ट्रांसनेशनल प्राइवेट लिमिटेड (एमटीपीएल) सिंगापुर है।

खनिजों का निर्यात और कीमती धातु, अलौह धातु, उर्वरक, कृषि उत्पाद, कोल व हाइड्रोकार्बन का आयात तथा सांची ब्रांड के चांदी के उत्पादों, इंडिया गोल्ड कॉयन, गोल्ड मैडालियन इत्यादि का घरेलू बिक्री कंपनी के प्रमुख कार्यकलाप हैं। एमएमटीसी इंजीनियरिंग उत्पादों का भी व्यवसाय करती है तथा स्टील रिटेलिंग, फ्री ट्रेड वेयरहाउसिंग तथा कमोडिटी एक्सचेंज के संयुक्त उद्यमों में भागीदारी है।

कंपनी के व्यापारिक कार्यकलाप एशिया, यूरोप, अफ्रीका, मिडल ईस्ट के देशों में फैले हुए हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र का यह पहला उपक्रम है जिसे निर्यात में अपने दीर्घकालिक योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा 'फाईव स्टार एक्सपोर्ट हाउस' का दर्जा दिया गया।

मुक्त वातावरण में उभरते हुए अवसरों का लाभ उठाने के उदेद्श्य से एमएमटीसी ने पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप(पीपीपी) के रूट को अपनाते हुए नीलांचल इस्पात निगम लिमिटेड, एमएमटीसी पैम्प इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एमएमटीसी गीतांजलि लिमिटेड, टी एम माइनिंग कम्पनी लिमिटेड, सिकाल आयरन ओर टर्मिनल लिमिटेड, फ्री ट्रेड वेयरहाउसिंग प्रा. लि. तथा इंडियन कमोडिटी एक्सचेंज लिमिटेड आदि जैसे विभिन्न संयुक्त उपक्रमों को प्रोन्नत किया है।

कारपोरेट मिशन

भारत की सबसे बड़ी व्यापारिक कंपनी एवं एशिया की एक प्रमुख व्यापारिक कंपनी के रूप में एमएमटीसी का लक्ष्य है कि अपने शेयरहोल्डरों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, कर्मचारियों और समाज की संपूर्ण संतुष्टि के साथ–साथ अपने सभी कार्यकलापों में उत्कृष्टता द्वारा टिकाऊ एवं व्यवहार्य वृद्धि दर प्राप्त करते हुए अपनी स्थिति को और बेहतर बनाए।

कारपोरेट उद्देश्य

- विश्व स्तर पर व्याप्त व्यापारिक प्रतिस्पर्धा के वातावरण में कार्यशील रहते हुए, विशेषकर थोक व्यापार (बल्क) के क्षेत्र में विशिष्टता प्राप्त कर स्वयं को एक अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय व्यापारिक कंपनी के रूप में स्थपित कर नियोजित पूंजी से मिलने वाले रिर्टन में सुधार करना।
- खनिजों, धातुओं तथा बहुमूल्य धातुओं जैसे उत्पादों के व्यवसाय में देश की एकमात्र विशालतम कंपनी के स्थाान को बनाए रखना।
- व्यापार संबंधी संरचना के विकास को प्रोन्नत करना।
- मध्यम एवं लघु स्तर के उद्योगों को सहायक सेवाएं उपलब्ध करवाना।
- सभी श्रेणी के ग्राहकों को व्यावसायिकता व कुशलता के साथ उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करना।
- वाणिज्यिक विवादों के निपटान के लिए कंपनी के भीतर कारगर व्यवस्था स्थापित करना।
- उच्चतर उत्पादकता प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की कुशलता को बढ़ाना।

व्यापार उत्तरदायित्व रिपोर्ट – वित्त वर्ष 2019–20

2012 में आई भारतीय प्रतिभूति विनिमय बोर्ड(सेबी) लिस्टिंग एग्रीमेंट के खंड 55 के अनुसार बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष पांच सौ सूचीबद्ध कंपनियों के लिए वार्षिक व्यवसाय रिपोर्ट (बीबीआर) जारी करना आवश्यक हो गया है।

खण्ड एः कंपनी के बारे में सूचना

1. कंपनी का कारपोरेट आईडेंटिटी नम्बर (सीआईएन)
   एल 51909डीएल1963जी01004033
2. कंपनी का नाम
   एमएमटीसी लिमिटेड
3. पंजीकृत पता
   कोर–1, स्कोप काम्पलेक्स 7, इंस्टीटयूशनल एरिया, लोदी रोड
   नई दिल्ली – 110003
4. वेबसाइट
   www.mmtclimited.com
5. ई मेल आईडी
   mmtc@mmtclimited.com

6. रिपोर्ट किया गया वित्त वर्ष
   2019–20
7. क्षेत्र जिसमें कंपनी कार्यरत है (औद्योगिक कार्यकलाप कोडवार)
   ट्रेडिंग
8. तीन प्रमुख उत्पादों/सेवाओं की सूची जिनका कंपनी निर्माण करती है या उपलब्ध कराती है। (तुलन पत्र के अनुसार)
   (i) यूरिया
   (ii) बुलियन
   (iii) लौह अयस्क
9. ऐसे स्थानों की कुल संख्या जहां कंपनी द्वारा व्यावसायिक गतिविधियां चलाई जाती हैं
   (i) अंतर्राष्ट्रीय स्थानों की संख्या (प्रमुख 5 का विवरण दें)
   1 सिंगापुर में एक सहायक कंपनी
   (ii) राष्ट्रीय स्थानों की संख्या
   भारत में 09 क्षेत्रीय कार्यालय
10. कंपनी द्वारा जिन बाजारों में आपूर्ति की जाती है – स्थानीय/राज्य/राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय
    एशिया, यूरोप, अफ्रीका, मध्य पूर्व, लेटिन अमेरिका तथा उत्तरी अमेरिका

खण्ड बी : कंपनी के वित्तीय विवरण

1.	प्रदत्त पूंजी (आइएनआर)	150 करोड़
2.	कुल कारोबार(आईएनआर)	24,056.05 करोड़
3.	करोपरांत कुल लाभ 2019–20 (आईएनआर)	(227.11) करोड़
4.	कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर कर पश्चात लाभ के प्रतिशत के रूप में कुल बजटीय व्यय (प्रतिशत)	वर्ष 2019–20 के दौरान 173 लाख रुपए की राशि सीएसआर गतिविधियों के लिए आवंटित की गई जोकि पिछले 3 वर्षों के औसत निवल लाभ के 2 प्रतिशत के बराबर थी।
5.	उपर्युक्त 4 में से जिन कार्यकलापों पर खर्च किया गया उसकी सूची।	कंपनी अधिनियम की धारा VII के अनुसार सीएसआर के अंतर्गत 2019–20 के दौरान वार्षिक बजट निधि विविध योजनाओं और कार्यक्रमों मुख्य रूप से स्वास्थ्य की देखभाल, शिक्षा और पोषण को बढ़ावा देने (अंकेक्षित जिलों के विकास के लिए लोक उद्यम विभाग वार्षिक थीम), स्वच्छ भारत अभियान, स्वच्छ गंगा के लिए राष्ट्रीय अभियान और कौशल विकास एवं अन्य गतिविधियों में आवंटित किया गया। अंकेक्षित जिलों में सीएसआर गतिविधियों को बढ़ावा के डीपीई दिशा निर्देशों को ध्यान में रखते हुए नीति आयोग द्वारा अधिसूचित अंकेक्षित जिला बरान (राजस्थान) के जिला प्रशासन के साथ जिला अस्पताल में जच्चा एवं बच्चा स्वास्थ्य (एमसीएच) वार्ड में प्रतीक्षालय निर्माण के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। परियोजना प्रगति पर है। आगे, राष्ट्र के आह्वान पर, एमएमटीसी ने सीएसआर बजट से रूपये 53 लाख का योगदान प्रधानमंत्री निधि में कोविड–19 महामारी से लड़ने के लिए योगदान दिया है।

खण्ड सी : अन्य विवरण

1 **क्या कंपनी की कोई सहायक कंपनी/कंपनियां हैं?**

जी हां, एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड, सिंगापुर (विदेश में सहायक कंपनी)

क्या सहायक कंपनी/कंपनियां मूल कंपनी की बीआर पहलों में भाग लेती हैं ? यदि हां तो ऐसी सहायक कंपनियों की संख्या बताएं।

– नहीं

2. **क्या कोई अन्य व्यक्ति (उदाहरणार्थ आपूर्तिकर्त्ता, वितरक आदि) जिनके साथ कंपनी व्यापार करती है, कंपनी की बीआर पहलों में भाग लेते हैं ? यदि हां तो उक्त व्यक्तियों की प्रतिशतता को इंगित करें (30 प्रतिशत से कम, 30 से 60 प्रतिशत तक, 60 प्रतिशत से अधिक)**

– नहीं

खण्ड डी : बीआर सूचना

1. बीआर के लिए उत्तरदायी निदेशक/निदेशकों का विवरण

क. वर्ष 2019–20 के लिए बीआर नीति/नीतियों के कार्यान्वयन के लिए उत्तरदायी निदेशक/निदेशकों का विवरण

- डीआईएन संख्या – 08487833
- नाम – श्री राजीव रंजन सिन्हा
- पदनाम – निदेशक(कार्मिक)

ख. बीआर प्रमुख का विवरण

क्र. सं.	ब्यौरा	विवरण
1.	डीआईएन संख्या (यदि लागू है)	
2.	नाम	संजय कौल
3.	पदनाम	मुख्य महाप्रबंधक(कार्मिक)
4.	टेलीफोन नं.	011–24360365
5.	ई–मेल आईडी	skaul@mmtclimited.com

2. सिद्धांतवार (एनवीजी अनुसार) बीआर नीति/नीतियां (हॉ/नहीं में उत्तर दें)

सिद्धांत 1	नीतिपरक, पारदर्शी एवं उत्तरदायित्वपूर्ण तरीके से बिजनेस संचालित किया जाना चाहिए।
सिद्धांत 2	बिजनेस को ऐसी वस्तुएं एवं सेवाएं उपलब्ध करवानी चाहिए जो सुरक्षित होने के साथ–साथ अपने जीवन चक्र के दौरान स्थाई बनी रहें।
सिद्धांत 3	बिजनेस सभी कर्मचारियों के कल्याण को प्रोन्नत करता हो।
सिद्धांत 4	बिजनेस को सभी स्टेकहोल्डर्स, विशेषकर पिछड़े कमजोर एवं अधिकारहीन आदि के हितों के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह होना चाहिए।
सिद्धांत 5	बिजनेस को मानव अधिकारों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए एवं उन्हें प्रोन्नत करना चाहिए।
सिद्धांत 6	बिजनेस पर्यावरण का सम्मान, सुरक्षा करे तथा इसे बचाने के लिए प्रयास करें।
सिद्धांत 7	जनता एवं नियामक नीतियों को प्रभावित करते समय बिजनेस को जिम्मेदार तरीके से कार्य करना चाहिए।
सिद्धांत 8	बिजनेस समावेशी एवं समान विकास को प्रोन्नत करता हो।
सिद्धांत 9	बिजनेस अपने ग्राहकों एवं उपभोक्ताओं के साथ जिम्मेदारी से व्यवहार करते हुए उन्हें सम्मान देता हो।

क्र.सं.	प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
1	क्या आपके पास..... के लिए नीति/नीतियां है ?	हां	हां	हां	हां	हां	हां	नहीं	हां	हां
2	क्या पालिसी संबंधित स्टेकहोल्डर्स के साथ परामर्श करके बनाई गई है ?	हां		हां	हां	हां			हां	
3	क्या नीति किसी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों के अनुसार है यदि हां तो स्पष्ट करें (50 शब्दों में)	नहीं		नहीं	हां	हां			हां	
4	क्या बोर्ड द्वारा अनुमोदन किया गया है? यदि हां तो क्या यह एमडी/मालिक/सीईओ/उपयुक्त बोर्ड निदेशक द्वारा हस्ताक्षरित है?	हां		हां	हां	हां			हां	
5	नीति के कार्यान्वयन पर नजर रखने के लिए क्या कंपनी में निदेशक मण्डल/ निदेशक/कर्मचारी की निर्दिष्ट समिति हैं?	हां		हां	हां	हां			हां	
6.	नीति को ऑनलाइन देखने के लिए लिंक बताएं?	www.mmtclimited.com		www.mmtclimited.com						
7.	क्या नीति की सूचना आंतरिक व बाह्य सभी स्टेकहोल्डरों को औपचारिक रूप से दी गई है ?	हां		हां	हां	हां			हां	
8.	क्या कंपनी में नीति/नीतियों को लागू करने के लिए इन हाउस स्ट्रक्चर है?	हां		हां	हां	हां			हां	
9.	क्या कंपनी में स्टेकहोल्डरों की नीति/नीतियों से संबंधित शिकायत को दूर करने के लिए कोई शिकायत निवारण व्यवस्था है?	हां		हां	हां	हां			हां	

10.	क्या कंपनी ने इस नीति को सुचारू रूप से काम करने के लिए किसी आंतरिक अथवा स्वतंत्र एजेंसी द्वारा आडिट / मूल्यांकन करवाया है?	हां		हां		हां				

2ए. यदि क्र.सं. 1 के लिए किसी भी सिद्धान्त का उत्तर नहीं में है तो कृपया उल्लेख करें कि उत्तर नहीं क्यों है : (2 विकल्पों तक टिक करें)

क्र.सं.	प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
1	कंपनी ने सिद्धांतों को नहीं समझा है									
2	कंपनी ऐसी स्थिति में नहीं है जहां वह निर्धारित सिद्धांतों पर बनाई गई नीतियों को बनाकर लागू कर सके							✓		
3	कंपनी के पास इस काम के लिए वित्तीय अथवा श्रम शक्ति के स्रोत उपलब्ध नहीं है									
4	ऐसा अगले छः महीनों में कर लेने की योजना है									
5	ऐसा अगले एक वर्ष में कर लेने की योजना है									
6	अन्य कोई कारण (कृपया उल्लेख करें)									

3. बीआर से संबंधित सुशासन (गवर्नेंस)

कृपया यह बताएं कि निदेशक मंडल, बोर्ड समिति या मुख्य कार्यकारी अधिकारी किस अंतराल पर कंपनी की बीआर परफारमेंस का जायजा लेते हैं। 3 मास की अवधि में, 3–6 मास की अवधि में, वार्षिक रूप से, 1 वर्ष से ज्यादा की अवधि में?

एमएमटीसी का बोर्ड नियमित रूप से प्रत्येक तिमाही में बैठक करता है। बोर्ड की बैठकों में स्ट्रक्चर्ड एजेंडा पर चर्चा होती है। सभी बड़े मामलों के लिए विस्तृत एजेंडा अन्य व्याख्यात्मक टिप्पणियों के साथ पहले से ही जारी कर दिए जाते हैं जिससे कि बोर्ड मामले पर समुचित तथा स्वतंत्र निर्णय ले सके।

कंपनी के मामलों पर शीघ्र विचारार्थ तथा सही दिशा में निर्णय लेने के लिए बोर्ड ने विशेष भूमिका, दायित्व तथा शक्तियों से निहित विभिन्न समितियों का गठन किया है। शीर्ष प्रबंधन प्रत्येक तिमाही में होने वाली बैठक में संगठन के कार्यनिष्पादन की पुनरीक्षा करता है। वर्ष 2019–20 के दौरान एमएमटीसी के प्रबंधतंत्र ने निम्नलिखित पर विचार विमर्श एवं समीक्षा की :

- कारपोरेट योजना / एमओसी एण्ड आई के साथ मसौदा एमओयू
- एचआर से संबंधित मामले / वेतन संशोधन / सक्सेशन प्लान
- संयुक्त उद्यमों में निवेश
- एनआईएनएल से संबंधित मामले
- वार्षिक बजट
- शेयर मूल्य तथा एमएमटीसी का शेयरधारिता पैटर्न
- अधिशेष निधियों के उपयोग की स्थिति
- वित्तीय विवरणों / परिणामों को मंजूरी
- वर्ष 2018–19 के लिए सीएसआर / बीबीआर पर वार्षिक रिपोर्ट
- कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची VII के अनुसार सीएसआर गतिविधियों का कार्यान्वयन

क्या कंपनी बीआर अथवा सस्टेनेबलटी रिपोर्ट प्रकाशित करती है? इस रिपोर्ट का अवलोकन करने के लिए कौन सा हाइपर लिंक उपलब्ध है? यह रिपोर्ट कितने अंतराल पर प्रकाशित की जाती है?

सेबी के आदेश (मैनडेट) के अनुसार मार्केट कैपिटल के आधार पर 500 शीर्ष कंपनियों को बीआरआर तैयार करनी होती है। एमएमटीसी टॉप 100 सूचीगत कंपनियों में नही होने के बावजूद वर्ष 2012–13 से बीआरआर नियमित रूप से प्रकाशित कर रही है। बीआरआर वार्षिक रिपोर्ट का भाग होती है तथा इसे आफिसियल वेबसाइट www.mmtclimited.com पर देखा जा सकता है।

संगठन यूनाइटेड नेशनल ग्लोबल कॉम्पैक्ट नेटवर्क (यूएनजीसीएन) का सदस्य भी है तथा वार्षिक आधार पर कम्यूनिकेशन ऑन प्रोग्रेस (सीओपी) प्रस्तुत करता है। यह यूएनजीसी की वेबसाइट पर हमारे सभी स्टेकहोल्डरों के लिए उपलब्ध है।

खण्ड ई – सिद्धांतवार कार्यनिष्पादन

सिद्धांत 1 – व्यवसाय नैतिकता, पारदर्शिता तथा जवाबदेही की नीतियों पर आधारित हो।

1. **क्या नैतिकता, रिश्वत तथा भ्रष्टाचार से संबंधित नीति केवल कंपनी को ही कवर करती है?**

जी हां। कंपनी का नैतिक आचार–व्यवहार विभिन्न नीति पहलों में परिलक्षित होता है। यद्यपि कर्मचारी आचरण, अनुशासन व अपील नियमों के अधीन संगठन के सभी स्तर के कर्मचारी आते हैं फिर भी वरिष्ठ प्रबंधन (बोर्ड स्तर के अधिकारियों सहित) के आचरण को संचालित करने के लिए एमएमटीसी लिमिटेड के निदेशक मंडल तथा वरिष्ठ प्रबधन के लिए व्यापारिक आचार एवं नीतियों की संहिता के रूप में अलग से दिशा निर्देश हैं। इसके अतिरिक्त, नीतिगत बिजनेस, पालिसियों जैसे सत्यनिष्ठा समझौता, पैक्ट, व्हिसल ब्लोअर पालिसी तथा सिटीजन चार्टर लागू किए गए हैं।

क्या यह ग्रुप / संयुक्त उद्यम / सप्लायरों / ठेकेदारों / एनजीओ / अन्य पर भी लागू होता है ?

जी हां, सत्यनिष्ठा समझौता निर्धारित सीमा से अधिक मूल्य के खरीद संबंधी टेंडरों के लिए अपनाया गया है, सिटीजन चार्टर के दायरे में वेंडर, क्रेता, सप्लायर, ठेकेदार आदि आते हैं जबकि आचार संहिता (कोड ऑफ कंडक्ट) तथा व्हिसल ब्लोअर नीतियां और आडिट कमेटी सतर्कता तंत्र केवल कंपनी के कर्मचारियों के लिए है। सीवीसी दिशा–निर्देशो के क्रम में स्वतंत्र बाह्य मॉनीटर (आईईएमएस) के साथ संलग्न है और निवारक सतर्कता उपायों को अपनाई है।

2. **पिछले वित्त वर्ष में स्टेकहोल्डरों की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई तथा उनमें से कितने प्रतिशत का निपटान प्रबंधतंत्र द्वारा संतोषजनक रूप से किया गया? यदि कुछ है तो उसका 50 शब्दों में ब्यौरा दें।**

स्टेकहोल्डरों की शिकायत मिलने पर कंपनी की शिकायत निवारण नीति के अनुसार तुरंत निवारण किया जाता है। यह नीति पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध है। पूरे वर्ष में कर्मचारी / वेंडर संबंधी अधिकतर शिकायतों का संतोषपूर्वक निवारण कर दिया गया। सीपीग्राम पोर्टल पर दर्ज शिकायत का निवारण किया जाता है और इन शिकायतों में उठाए गए प्रश्नों के उत्तर समय सीमा के अंदर ऑनलाइन फाइल किए जाते हैं। अन्य सभी लंबित मामले विचाराधीन हैं और उनके संतोषजनक समाधान के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

सिद्धांत 2 – व्यापार ऐसा माल तथा सेवाएं प्रदान करें जो कि सुरक्षित तथा अपने जीवन चक्र में टिकाऊ हों।

एमएमटीसी मुख्यतः ट्रेडिंग कारोबार में होने के साथ–साथ स्वर्ण एवं चांदी के विभिन्न मूल्यवर्गों के मेडालियन का निर्माण भी करती है। एमएमटीसी जिन उत्पादों में ट्रेड करती है उनकी श्रेष्ठ गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ–साथ बीआईएस के अनुरूप मेडालियन के निर्माण को भी सुनिश्चित करती है।

सिद्धांत 3 – व्यापार कर्मचारियों के हितों का उन्नयन करने वाला हो।

1. **कृपया कुल कर्मचारियों की संख्या बताएं**

दिनांक 31.3.2020 को कुल कर्मचारी संख्या 794 (निदेशक मंडल स्तर के अधिकारियों सहित) है।

2. **कृपया अस्थायी / ठेके पर / कैजुअल आधार पर रखे गए कर्मचारियों की संख्या बताएं।**

विभिन्न एजेंसियों / सोसाइटियों से कुल 266 कर्मचारी ठेके पर रखे गए हैं।

3. **कृपया स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या बताएं।**

कुल स्थायी महिला कर्मचारियों की संख्या 165है।

4. **कृपया दिव्यांग स्थायी कर्मचारियों की संख्या बताएं।**

दिव्यांग स्थायी कर्मचारियों की संख्या 21 है।

5. **क्या आपके संगठन में प्रबंधतंत्र द्वारा मान्यता प्राप्त कोई कर्मचारी संघ है।**

जी हां ।

6. **इस मान्यता प्राप्त कर्मचारी संघ में स्थायी कर्मचारियों की सदस्यता का क्या प्रतिशत है ?**

100 प्रतिशत

7. **कृपया पिछले वित्त वर्ष में बाल मजदूरी, जबरन मजदूरी, अनैच्छिक मजदूरी, यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतें तथा इस वित्त वर्ष में लम्बित शिकायतों की संख्या का उल्लेख करें।**

क्रम संख्या	श्रेणी	वित्तीय वर्ष में प्राप्त शिकायतों की संख्या	वित्तीय वर्ष के अंत में लम्बित शिकायतों की संख्या
1.	बाल मजदूरी / जबरन मजदूरी / अनैच्छिक मजदूरी	0	0
2.	यौन उत्पीड़न	1	0
3.	पक्षपाती रोजगार	0	0

8. **पिछले वर्ष में आपके निम्नलिखित कर्मचारियों के कितने प्रतिशत कर्मचारियों को सुरक्षा व कार्यकुशलता को बढ़ाने का प्रशिक्षण दिया गया?**

निरंतर बदलते व्यापारिक परिदृश्य में कर्मचारियों के कौशल के विकास / उन्नयन के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए वर्ष के दौरान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस / इन हाउस कायक्रमों में 352(44.33:)कर्मचारियों को कार्यात्मक / व्यवहारिक कौशल और कंपनी के अन्य कार्यक्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के लिए प्रतिनियुक्त किए गए कुल अधिकारियों / कर्मचारियों में से 51(14.49 प्रतिशत) एससी वर्ग, 28(7.59 प्रतिशत) एसटी वर्ग के थे तथा 161(45.74 प्रतिशत) महिला अधिकारी / कर्मचारी थे। श्रम दिवसों के अनुसार वर्ष 2019–20 के दौरान कुल 543 श्रम दिवसों का प्रशिक्षण दिया गया ।

सिद्धांत 4 – व्यापार में सभी स्टेकहोल्डर्स के हितों का, विशेषकर उनका जो कि सुविधाहीन, असुरक्षित तथा जो हाशिए पर हैं, का सम्मान करते हुए जवाबदेह होना चाहिए।

1. **क्या कंपनी ने अपने आंतरिक तथा बाह्य स्टेकहोल्डरों को मैप कर लिया है? हां/नहीं**

   जी हां, कंपनी ने अपनी स्थापना के बाद के वर्षों में विभिन्न समूह के स्टेकहोल्डर्स की पहचान की है और उनके साथ संपर्क बनाया है। आंतरिक स्टेकहोल्डर्स में कर्मचारी, शेयरहोल्डर्स तथा बाहरी में ग्राहक, समुदाय इत्यादि शामिल हैं।

2. **उपरोक्त में से क्या कंपनी ने सुविधाहीन, असुरक्षित तथा अधिकारहीन स्टेकहोल्डरों की पहचान की है?**

   जी हां। संगठन ने समुदाय के असुरक्षित तथा अधिकारहीन स्टेकहोल्डरों की पहचान की है तथा सीएसआर गतिविधियों द्वारा इनसे संपर्क बनाया है।

3. **क्या कंपनी द्वारा सुविधाहीन, असुरक्षित तथा अधिकारहीन स्टेकहोल्डरों के साथ संपर्क बनाने के लिए कोई विशेष कदम उठाए हैं? यदि हां तो इसका पचास या अधिक शब्दों में ब्यौरा दें।**

   जी हां, समावेशी विकास को प्रोन्नत करने के लिए एमएमटीसी द्वारा एससी/एसटी/ ओबीसी/पीडब्ल्यूडी(विकलांग व्यक्ति)/भूतपूर्व सैनिकों के संबंध में भारत सरकार द्वारा जारी राष्ट्रपति के निदेशों तथा दिशा निर्देशों का अनुपालन किया जाता है। शिकायतों के पंजीकरण के लिए प्रभागों/क्षेत्रीय कार्यालयों में शिकायत रजिस्टर भी बनाए गए हैं। एससी/एसटी कर्मचारियों से प्राप्त अभ्यावेदनों/शिकायतों को शीघ्रता से निपटाने का प्रयास किया जाता है। दिव्यांग व्यक्तियों की दिव्यांगता को ध्यान में रखते हुए भी पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों को ऐसे कार्य दिए जाते हैं जो वे दक्षतापूर्ण तरीके से कर सकें। पहिया कुर्सी(व्हील चेयर) का प्रयोग करने वाले पी डब्ल्यूडी कर्मचारियों के सहज आवागमन के लिए कारपोरेट कार्यालय के मुख्य गेट पर एक स्थायी ढाल रास्ता(रैम्प) बनाया गया है।

   कार्यालय भवन में मंजिलों की उदघोषण के लिए श्रव्य सूचक हैं। इनमें से कुछ में मंजिलों के लिए ब्रेल सिम्बल बटन हैं।

   इसके अतिरिक्त, सुविधाहीन, असुरक्षित तथा अधिकारहीन स्टेकहोल्डर्स को अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए सीएसआर कार्यकलापों को नियोजित किया जाता है। स्थानीय सरकारी निकायों तथा क्षेत्र में कार्यरत एनजीओज़ के सहयोग से ऐसे स्टेकहोल्डर्स के साथ मिलकर कार्य किया जाता है।

सिद्धांत 5.व्यवसाय में मानव अधिकारों का सम्मान तथा इन्हें प्रोन्नत किया जाना चाहिए।

1. **क्या कंपनी की मानव अधिकार नीति केवल कंपनी तक ही सीमित है या इसमें ग्रुप/संयुक्त उद्यम/आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार/एनजीओ/अन्य भी शामिल हैं?**

   इस समय कंपनी में मानव अधिकारों की कोई विशिष्ट नीति नहीं है।

   कंपनी यूनाइटेड नेशंस ग्लोबल कंपैक्ट नेटवर्क(यूएनजीसीएल) की सदस्य है और कम्युनिकेशन ऑन प्रोग्रेस(सीओपी) पर अपनी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करती है। यह यूएनजीसी की वेबसाइट पर सभी स्टेकहोल्डर्स के लिए उपलब्ध है।

   तथापि, एक सरकारी कंपनी होने के कारण एमएमटीसी भारत के संविधान जिसमें सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता तथा भाईचारे का संकल्प है तथा जिसमें विश्वव्यापी मूल मानवाधिकार घोषणा में निदेशित मानव अधिकार महत्ता भी शामिल है, के प्रति निष्ठावान है। एमएमटीसी अपने कार्यस्थलों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत मानव अधिकारों का सम्मान कर उनकी सुरक्षा एवं सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह सुनिश्चित करती है कि इसके कर्मचारी मूलभूत मानव अधिकार प्राप्त करें। एमएमटीसी में कर्मचारियों की शिकायतों के निवारण के लिए ''सहायता'' के नाम से 03 स्तरीय शिकायत निवारण व्यवस्था है। एमएमटीसी की प्रबंधन व्यवस्था में स्वास्थ्य, सुरक्षा, निवास तथा शिक्षा के लिए प्रावधान है। इन सभी को सर्वांगीण रूप से सुनिश्चित करने के लिए एमएमटीसी में पूरी व्यवस्था की गई है।

2. **पिछले वित्त वर्ष में कितने स्टेकहोल्डरों से शिकायतें प्राप्त हुईं तथा इनमें से प्रबंधतंत्र द्वारा कितने प्रतिशत का संतोषजनक निवारण किया गया?**

   वर्ष के दौरान कुल 56 जन शिकायतें मिली और तथा इन सभी का संतोषजनक निपटान कर दिया गया। (100%)

सिद्धांत 6–व्यवसाय में पर्यावरण का सम्मान, संरक्षण तथा इसके पुनः स्थापित किए जाने के प्रयास किए जाने चाहिए।

क्योंकि विनिर्माण एमएमटीसी का मुख्य कार्यकलाप नहीं हैं अतः इस पर यह सिद्धांत लागू नहीं होता।

1. **क्या नियम 6 से संबंधित नीति केवल कंपनी में ही लागू होती है या फिर यह ग्रुप/संयुक्त उद्यम/आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार/एनजीओज/अन्य पर भी लागू है?**

   संगठन में पर्यावरण के बारे में लिखित में कोई नीति नहीं है। तथापि, यूएन ग्लोबल काम्पैक्ट का सदस्य होने के नाते कंपनी पर्यावरणीय रूप से जवाबदेह तरीके से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

2. **जलवायु परिवर्तन, विश्वव्यापी तापक्रम वृद्वि (ग्लोबल वार्मिंग) आदि जैसे वैश्विक पर्यावरणीय मामलो के समाधान के लिए क्या कंपनी ने कोई रणनीति बनाई है/उपाय किए हैं ? यदि उत्तर हां है, तो कृपया वेब पेज आदि के हाईपरलिंक बताएं।**

   यद्यपि विनिर्माण एमएमटीसी की प्रमुख वाणिज्यिक गतिविधि नहीं है, फिर भी खनन क्षेत्रों में वृक्षारोपण, जनजाति क्षेत्रों में विकास तथा प्रचालन क्षेत्रों तथा इसके आसपास के पर्यावरण को बनाए रखने के लिए और अपने सीएसआर कार्यक्रम के माध्यम से सतत पहलों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्व है। इसके अतिरिक्त यूएन ग्लोबल काम्पैक्ट के लिए सीओपी द्वारा अपनी विभिन्न पहलों के विषय में संस्थान नियमित रूप से सूचित करता है।

3. **क्या कंपनी संभावी पर्यावरण जोखिमों को पहचान कर उनका मूल्यांकन करती है? हां/नहीं**

यद्यपि संगठन सीधे किसी विनिर्माण से नहीं जुड़ा है, तथापि यह पर्यावरण के प्रति जवाबदेह तरीके से काम करता है। एमएमटीसी लोक उद्यम विभाग, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करती है। जिसके अनुसार पर्यावरणीय पहलुओं से संबंधित परियोजनाओं की पहचान किए जाने के साथ–साथ उनका कार्यान्वयन भी किया जाता है।

4. **क्या कंपनी में क्लीन डेवलपमेंट मेकेनिज्म से संबंधित कोई प्रोजेक्ट है? यदि ऐसा है तो पचास या अधिक शब्दों में उसका विवरण दें। इसके अतिरिक्त यदि उत्तर हां है तो यह भी बताएं कि क्या कोई पर्यावरण अनुपालन रिपोर्ट फाइल की गई है ?**

जी नहीं ।

5. **क्या कंपनी ने स्वच्छ तकनीकी, ऊर्जा दक्षता, अक्षय ऊर्जा आदि के लिए कोई अन्य कदम उठाए है? हां/नहीं । यदि हां है तो वेब–पेज आदि का हाइपरलिंक बताएं।**

एमएमटीसी पूरे संगठन में उर्जा संरक्षण के लिए ऊर्जा कुशल स्टार रेटेड उपकरणों का प्रयोग करती है।

एमएमटीसी ने अपने झंडेवालान स्थित क्षेत्रीय कार्यालय तथा एमएमटीसी आवासीय कालोनी, नई दिल्ली की छत पर 50 केडब्लयूपी का सोलर पावर प्लांट लगाए हैं।

6. **क्या कंपनी द्वारा रिपोर्ट के इस वित्तीय वर्ष में उत्पन्न उत्सर्जन/वेस्टेज इत्यादि सीपीसीबी/एसपीसीबी द्वारा दी गई निर्धारित सीमाओं के भीतर रहे हैं?**

लागू नहीं।

7. **समाप्त वित्तीय वर्ष के दौरान सीपीसीबी/एसपीसीबी से प्राप्त ऐसे कारण बताओ/वैधानिक नोटिसों की संख्या जो लंबित है (अर्थात संतोषजनक रूप से नहीं निपटाए गए)**

लागू नहीं।

सिद्धांत 7–व्यवसाय यदि पब्लिक तथा नियामक नीति को प्रभावित करता है तो एक जिम्मेदार तरीके से करें।

1. क्या आपकी कंपनी किसी ट्रेड तथा चैम्बर अथवा एसोसिएशन की सदस्य है? यदि हां, तो कृपया केवल उन्ही मुख्य संघों का उल्लेख करें जिनसे आपके व्यवसाय का संबंध है ।

   ए. सीआईआई

   बी. फिओ(एफआईईओ)

   सी. फिक्की

   डी. असोचैम

2. **क्या आपने जनकल्याण को प्रोत्साहित करने के लिए उपरोक्त संघों के माध्यम से वकालत/प्रचार किया है? हां/नही; यदि हां तो मुख्य क्षेत्रों का उल्लेख करें (ड्राप बॉक्सः सुशासन व प्रशासन, आर्थिक सुधार, समावे ी विकास नीतियां, ऊर्जा सुरक्षा, जल, खाद्य सुरक्षा, दीर्घकालिक व्यापार सिद्धांत, अन्य)।**

संगठन ने उपरोक्त संघों के माध्यम से जन कल्याण से संबंधित किसी भी मामले के लिए वकालत/प्रचार नहीं किया है।

सिद्धांत 8–व्यवसाय को समावेशी विकास तथा न्यायसंगत विकास को प्रोन्नत करना चाहिए।

1. **क्या कंपनी ने सिद्धांत 8 से संबंधित नीतियों के अनुसरण में वि िश्ट कार्यक्रम/पहल/प्रोजेक्ट बनाए है? यदि हां तो उसका विवरण दें।**

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
एक वर्ष के अंदर	1.50	0.08
एक वर्ष के बाद परंतु 5 वर्षों के अंदर	5.39	0.03
5 वर्षों के बाद	-	-

43. भारतीय लेखा मानक (इंड एएस)–33 "प्रति भोयर अर्जन(ईपीएस)" के संबंध में प्रकटन

ए. बेसिक व डायल्युटिड ईपीएस

बेसिक व डायल्युटिड ईपीएस तथा बेसिक ईपीएस की गणना में साधारण शेयरों की संख्या में निम्नलिखित औसत आय व अधिमान अपनाया गया :

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
कंपनी के स्वामियों को वर्ष के दौरान हुए लाभ (हानि)	(227.11)	81.43
प्रतिशेयर बेसिक आय के उद्देश्य के लिए साधारण शेयरों की वेटिड औसत	1,500,000,000	1,500,000,000
बेसिक व डायल्युटिड ईपीएस	(1.51)	0.54

44. भारतीय लेखा मानक (इंड एएस)–37 "प्रावधान, आकस्मिक देयताएं तथा आकस्मिक परिसंपत्तियों" के संबंध में प्रकटन

(₹ करोड़ में)

प्रावधान के विवरण	01.04.19 को आरंभिक शेष	वर्ष के दौरान समायोजन	वर्ष के दौरान अभिवृद्धि	31.03.20 को अंतिम शेष
गंतव्य भार व विश्लेषण जोखिम	0.03	0.03	0.04	0.04
बोनस / पीआरपी	22.73	1.68	0.06	21.11
मुकदमेबाजी निपटान के लिए प्रावधान	-	(4.47)	6.91	11.38

45. सूक्ष्म, लघु या मध्यम उद्यमों के विवरण, जिनके बकाये के 31 मार्च, 2020 के अनुसार कंपनी देनदार है, निम्न है :

(₹ करोड़ में)

		2019-20	2018-19
a)	(i) लेखा–वर्ष की समाप्ति में किसी आपूर्तिकर्ता की शेष अदत्त मूलधन राशि	0.17	6.86
	(ii) उपरोक्त पर देय व्याज	-	-
	कुल (i) और (ii) (नोट 18 व 19 के अंतर्गत सम्मिलित)	0.17	6.86
b)	कानून की धारा 16 के अनुसार खरीददार द्वारा भुगतान की गई व्याज की राशि	-	-
c)	भुगतान करने में विलंब अवधि के लिए देय व्याज की राशि (वर्ष के दौरान जिसका भुगतान अंतिम तिथि के बाद किया गया है) परंतु कानून के अंतर्गत निर्दिष्ट किए गए व्याज को बिना जोड़े किया गया है	-	-
d)	प्रत्येक लेखा वर्ष की समाप्ति पर प्रोद्भूत और शेष देय ब्याज राशि	-	-
e)	अनुवर्ति वर्षों में भी आगे का व्याज की राशि शेष और भुगतान करना है, कानून की धारा 23 के अंतर्गत कटौती की गई खर्च की अस्वीकृति के उद्देश्य के लिए जब तक लघु उद्यम को उक्त व्याज राशि वास्तविक में भुगतान किया गया है।	-	-

46. भारतीय लेखा मानक(इंड एएस)–115 'ग्राहकों के साथ हुई संविदा से राजस्व' के बारे में प्रकटन
प्रकटन

ए (1) ग्राहकों के साथ संविदाएं

ए) कंपनी ने वर्ष के दौरान ग्राहकों के साथ हुई संविदाओं से निम्नलिखित को प्राप्त राजस्व माना है: –

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
उत्पादों की बिक्री	24051.99	28288.27
सेवाओं की बिक्री	4.06	4.55
अन्य प्रचालन राजस्व		
–दावे	89.25	462.68
–सब्सिडी	-	-
–अर्जित डिस्पैच	-	-
–अन्य व्यापार आय	(10.32)	223.94
कुल	**24134.98**	**28979.44**

बी. कंपनी ने ग्राहकों से प्राप्त होने वाली राशि अथवा ग्राहकों के साथ हुई संविदाओं के कारण उत्पन्न होने वाली संविदा परिसंपत्तियों के विरूद्ध होने वाली हानि की राशि माना गया है, जो निम्नानुसार है:–

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
हानि	-	0.03

(ii) राजस्व का विभाजन

कंपनी ने अपने ऑपरेटिंग सेगमेंट की खनिजों, बहुमूल्य धातुओं, कृषि उत्पादों, कोल व हाईड्रोकार्बन, उर्वरक तथा सामान्य व्यापार/अन्य के रूप मे पहचान की है। ग्राहकों के साथ हुई संविदाओं से अर्जित हुए सेग्मेंटवाइज राजस्व तथा उसका कुल राजस्व में अनुपात निम्नानुसार है:–

		कुल राजस्व का प्रतिशत		कुल राजस्व का प्रतिशत
बहुमूल्य धातुए	8304.82	34.41%	12789.37	44.13%
धातुएं	829.12	3.44%	2272.94	7.84%
खनिज	1714.66	7.10%	854.40	2.95%
कोल व हाइड्रोकार्बन	1341.83	5.56%	1470.71	5.08%
कृषि उत्पाद	831.23	3.44%	1432.99	4.94%
उर्वरक	11100.10	45.99%	10132.43	34.96%
अन्य	13.22	0.05%	26.60	0.09%
कुल	**24134.98**	**100%**	**28979.44**	**100%**

(iii) संविदा शेष

(ए) प्राप्य

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
आरंभिक शेष	669.04	744.80
वर्ष के दौरान वृद्धि/कमी	1645.29	(75.76)
अंतिम शेष	**2314.32**	**669.04**

बी) संविदा परिसंपत्तियां

कंपनी संविदा परिसंपत्तियों की पहचान तब करती है जब इसे इस बात की तसल्ली हो जाती है कि इसने ग्राहक को माल अथवा सेवाओं के ट्रांसफर करने के दायित्व को पूरा कर दिया है तथा प्रतिफल के प्राप्त होने का अधिकार सुनिश्चित हो जाता है। इसके लिए कंपनी को प्रतिफल प्राप्त होने से पूर्व कुछ शर्ते पूरी करनी होती है। एक व्यापारिक कंपनी होने के नाते कंपनी को अपने ग्राहकों को उस माल अथवा सेवा का ट्रांसफर करना होता है जिसके लिए इसने अपनी वचनबद्धता दी है। कंपनी की ऐसी कोई देयता नहीं है जिसको इसने पूरा नहीं किया है।

सी) संविदा देयताएं

ग्राहकों के साथ संविदा हो जाने के बाद कंपनी को ग्राहकों से प्राप्त होने वाली ईएमडी, सिक्युरिटी डिपोजिट, मार्जिन राशि, कस्टम डयूटी इत्यादि के भुगतान के लिए एडवांस को 'अन्य वित्तीय देयताएं तथा अन्य देनदारियों के अंतर्गत ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम के रूप में दर्शाया जाता है।

(₹ करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
आरंभिक शेष	361.95	288.44
जोड़ें :वर्ष के दौरान वृद्धि	132.83	146.39
घटाएं: कटौती (रिफंड/समायोजन)	188.70	14.39
घटाएं: राजस्व जिसे वर्ष के दौरान आरंभिक शेष का हिस्सा माना गया है	93.85	58.49
अंतिम शेष	**212.24**	**361.95**

वर्ष के दौरान पूर्व अवधि से संबंधित ग्राहकों को डेबिट/क्रेडिट नोट्स बनाकर कार्यनिष्पादन की देयता को पूरा किया हुआ दिखाकर राजस्व की प्राप्ति 'शून्य' करोड़ रूपए (गत वर्ष शून्य करोड़ रूपए) दर्शाया गया है।

कंपनी ने वर्ष के दौरान डिस्काउंट, रिबेट, रिफंड, क्रेडिट, मूल्य छूट, कार्यनिष्पादन प्रोत्साहन बोनस इत्यादि की राशि राजस्व में शून्य'' करोड़ रूपए (गत वर्ष शून्य करोड रूपए) माना है जिसके लिए संविदा राजस्व के विरूद्ध शून्य'' करोड़ रूपए (गत वर्ष शून्य करोड रूपए) का समायोजन किया है।

(डी) व्यावहारिक दृष्टिकोण

वर्ष के दौरान कंपनी ने अपने ग्राहकों के साथ कुछ ऐसी बिक्री संविदाएं की है जिनके कुछ हिस्से का निष्पादन किया जाना शेष है, इस संबंध में व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाते हुए इसका खुलासा नहीं किया गया है। इस प्रकार की संविदा की अवधि एक वर्ष से कम है अथवा प्रतिफल की प्राप्ति का अधिकार कंपनी द्वारा परफार्मेंस पूरी करने के बाद उत्पन्न होगा।

बी. इस मानक के अनुप्रयोग में महत्वपूर्ण निर्णय

(1) कंपनी द्वारा राजस्व की पहचान उस स्थिति में की जाती है जब कंपनी अपने ग्राहकों के साथ किए गए वादे के अनुसार माल अथवा सेवा देने के कार्य को पूरा करती है। परिसंपत्ति/माल सेवाओं को तब ट्रांसफर किया हुआ माना जाता है जब ग्राहक संबंधित परिसंपत्ति/माल/सेवाओं पर अपना नियंत्रण प्राप्त कर लेता है।

(2) कंपनी अपने लेन देन के मूल्य का निर्धारण अनुबंध की शर्तों तथा परंपरागत व्यावसायिक प्रथाओं के अनुसार करती है। लेन देन का मूल्य वह प्रतिफल होता है जो एक कंपनी ग्राहक को वादे के अनुसार माल अथवा सेवा का ट्रांसफर करने के बाद अधिकार प्राप्त करती है। इस मूल्य में तीसरे पक्ष की ओर से प्राप्त की गई राशि(उदाहरणार्थ जीएसटी इत्यादि) शामिल नहीं होती है ।

(3) ग्राहक के साथ तय की गई संविदा में तय किए गए प्रतिफल की राशि निश्चित अथवा परिवर्तनशील अथवा दोनों प्रकार की हो सकती है। यदि इसमें किसी प्रकार के समायोजन की आवश्यकता होती है तो इसके लिए ग्राहक के नाम पर डेबिट/क्रेडिट नोट तैयार किया जाता है। परिवर्तनशील प्रतिफल की स्थिति में लेनदेन मूल्य पर पडने वाले प्रभाव का निर्धारण करते समय परिवर्तनशील प्रतिफल के अनुमान संविदा में महत्वपूर्ण वित्तीय कम्पोनेंट, गैर नकदी प्रतिफल तथा ग्राहक को देय प्रतिफल पर भी विचार किया जाता है।

(4) वर्ष के दौरान संविदा के मूल्य में कुछेक समायोजन किए गए हैं जो राशि की मात्रा को ध्यान में रखते हुए विशेष महत्व के नहीं है।

सी. ग्राहक के साथ की गई संविदा को प्राप्त करने अथवा उसे पूरा करने की लागत को परिसंपत्ति माना गया।

एक व्यापारिक कंपनी होने के नाते कंपनी द्वारा खर्च की गई राशि निश्चित प्रकृति की होती है अतः ग्राहक के साथ की जाने वाली संविदा अथवा संविदा के दायित्व को पूरा करने में इस राशि में कोई बढोत्तरी नहीं होती है। इस स्थिति में एक प्रेक्टिकल दृष्टिकोण के तहत लाभ तथा हानि विवरण में शमिल किया जाता है।

47. कुछ व्यापार प्राप्यों, अन्य परिसंपत्तियों, व्यापार तथा अन्य देयों के शेष के बारे में पुष्टि/रिकंसिलिएशन किया जाना है तथा इनके पड़ने वाले प्रभाव को समायोजित किया जाना है। रिकंसिलिएशन ऑन–गोइंग आधार पर की जाती हैं। जहां कहीं भी आवश्यक हुआ है प्रावधान किए गए हैं। तथापि मैनेजमेंट को लगता है कि इस प्रकार की लंबित पुष्टि/रिकंसिलिएशन का कोई विशेष वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ेगा।

48. लोक उद्यम विभाग (भारत सरकार) के दिशानिर्देशों के अनुसार रूपए 2000/– प्रतिमाह का भुगतान करने पर पूर्ण–कालीन निदेशकों को 1,000 किलो मीटर प्रतिमाह तक निजी प्रयोग के लिए स्टाफ कार का प्रयोग करने की अनुमति है।

49. कंपनी के व्यवसाय पर कोविड – 19 का भौतिक प्रभाव –

कोविड–19 महामारी के कारण भारत सरकार कोविड–19 के संक्रमण को रोकने के लिए समय–समय पर बंदी की घोषणा करती रही। यह महामारी कंपनी के व्यवसाय को प्रभावित किया है जो कि कंपनी के लाभ साथ ही नकदी को प्रभावित किया है। इसके कारण कंपनी अधिनियम, 2013 और एलओडीआर 2015 के प्रावधानों के अंतर्गत वित्तीय रिपोर्टिंग के पालन में देरी हुई है। एमएमटीसी लिमिटेड सात व्यवसाय भागों में बहुमूल्य धातुएँ, खनिजों, कोल और हाइड्रोकार्बन, कृषि उत्पादों, उर्वरकों और सामान्य व्यापारध अन्य व्यापार कर रहा है। कोविड – 19 के कारण निम्न व्यापार प्रभावित हुए हैं –

(i) कोविड–19 की वजह से उत्पन्न परिस्तिथियों के कारण आदमी और खनिज की गतिविधि बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस महामारी के कारण कुछ इंटाइटिज जो कि बहुत कम क्षमता पर कार्य किया जो कि इन कंपनियों में लौह अयस्क निर्यात को प्रभावित किया है। मैगनजी अयस्क जैसे कुछ वस्तुएँ के अंतरराष्ट्रीय मूल्यों में भारी गिरावट आई जिससे इनके निर्यात अलाभकारी हो गया।

(ii) इस परिस्थिति और कीमत में निरंतर उतार–चढ़ाव के कारण ग्राहक आयात सामग्री बुक करने के अनिच्छुक है। नामिकागत आपूर्तिकर्ता प्रतिबद्ध परेषण को भेजने में सक्षम नहीं हैं जिसके परिणामस्वरूप आपूर्ति श्रृंखला बाधित हो गई है।

(iii) बहुमूल्य धातुओं में डीटीए और एसईजेड में सोना और चाँदी की बिक्री बुरी तरह प्रभावित हुई है।

(iv) अन्य व्यापार कीमत में उतार – चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने से प्रभावित होने के कारण नये ऑडर्स प्राप्त नहीं हो पाया। नये बाजार का अन्वेषण किया जा रहा है।

50. संलग्न लेखा नीतियां तथा नोट्स वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग है ।

51. कंपनी ने वर्श के दौरान लेखांकन नीतियों में कुछ परिवर्तन किए हैं जो निम्नानुसार हैं :

(i) लेखांकन नीति संख्या 2.1 वर्ड ''वित्तीय विवरण के विवरण का पालन और तैयार करने के आधार'' को ''वित्तीय विवरण ऑन गोइंग कंसर्न आधार पर तैयार किया गया है'' जोड़ने के लिए बदल दिया गया है।

(ii) लेखांकन नीति संख्या 2.2 ''कार्यात्मक और प्रस्तुतिकरण मुद्रा'' वर्ड ''वित्तीय विवरण भारतीय रूपये (2 डिसीमल तक) के करोड़ में रिपोर्ट किए जाते हैं'' जोड़ने के लिए बदल दिया गया है।

(iii) लेखांकन नीति सं. 2.5 ''संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों'' के अनुसार क्रय के वर्ष में सीधे राजस्व वसूलने के लिए प्रत्येक कम कीमत वस्तुओं वाले के लिए 2000/– मुद्रा तक निश्चित करने के लिए बदल दिया गया है। यद्यपि इसके कारण कंपनी के वित्त पर वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ा है।

(iv) लेखांकन नीति सं. 2.6 ''परिसंपत्तियां'' परिसंपत्तियों के कम कीमत वाली वस्तुओं के 2000/– प्रत्येक के मुद्रागत सीमा तक निश्चित करने के लिए बदल दिया गया है और शोध और विकास से परिसंपत्तियों की बढ़ोत्तरी की पहचान होगी। यद्यपि इसके कारण कंपनी के वित्त पर वित्तीय प्रभाव नहीं पड़ा है।

(v) लेंखांकन नीति सं. 2.8 ''मूल्यह्रास'' मूल्यह्रास से संपत्ति, संयंत्र और उपकरण की कम कीमत वाली वस्तुओं के खाता ट्रीटमेंट में बदल दिया गया है।

(vi) लेखांकन खाता सं. 2.15 ''पट्टे'' आईएण्ड एएस 116 ''पट्टे'' को अपनाने से 01.04.2019 के प्रभाव से बदल गया है। कंपनी ने अथ प्रतिधारित आय के समायोजन के संचयी प्रभाव के साथ मानक भूतलक्षतापूर्वक अपनाने का निर्णय लिया है। तदनुसार, अथ प्रतिधारित आय से 3.09 करोड़ रूपये की राशि समायोजित किया गया है।

(vii) लेखांकन नीति सं. 2.16 ''कर्मचारी लाभ'' योजना संशोधन, कर्टलमेंट और समायोजन के लिए लेखांकन के लिए आईएंड एएस – 19 ''कर्मचारी लाभों'' में संशोधन को सम्मिलित करने के लिए बदल दिया गया है।

(viii) लेखा खाता सं. 2.17 ''कर–निर्धारण'' लाभांश वितरण कर और आयकर की लेखा अनिश्चित्ता में सुधार के लिए आईएण्डडी एस – 12 ''आयकरों'' को सम्मिलित करने के लिए बदल दिया गया है।

(ix) लेखा खाता सं. 2.21 ''वित्तीय साधन'' वित्तीय संपत्तियों और वित्तीय संपत्तियों और वित्तीय देयताओं जहाँ कंपनी को ऑफसेट का कानूनी अधिकार है और नेट आधार पर समायोजित करने की इच्छा है के ऑफसेटिंग नियमों को शामिल करने के लिए बदल दिया गया है।

ऊपरोक्त बदलाव उद्धृत उपरोक्त के अलावा कंपनी के वित्तीय पर कोई वित्तीय प्रभाव नहीं डाला है।

52. वित्तीय विवरणों में प्रति शेयर डेटा को छोड़कर सभी राशियों को करोड़ रूपए में (दो दशमलव तक) में दर्शाया गया है तथा जंहा कही ऐसा नहीं किया गया है वहां पर अन्य उल्लेख किया गया है। संभव है कि कुछ राशियों का उल्लेख वित्तीय विवरणों में न किया गया हो चूंकि उन्हें करोड़ रूपए में राउंड ऑफ किया गया है। जहां आवश्यक समझा गया वहां पर गत वर्ष के आंकड़ों को रिग्रुप/रिअरेंज्ड किया गया है।

53. वित्तीय विवरणों का अनुमोदन

वित्तीय विवरणों को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया तथा इन्हें दिनांक 31.07.2020 को जारी करने के लिए अधिकृत किया गया।

हमारी इसी तारीख की संलग्न रिपोर्ट के अनुसार

निदेशक मंडल के लिए तथा उसकी ओर से

कृत्ते एम.एल. पुरी एण्ड कंपनी
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
एफण्आर सं.00002312 एन

(सीए. आर.सी.गुप्ता)
पार्टनर
एमनं. 095584

(जी आनंदनारायणन)
कंपनी सचिव
एसीएस–13691

(बीएन दास)
मुख्य महाप्रबंधक (वित्त)

(कपिल कुमार गुप्ता)
निदेशक(वित्त) एवं सीएफओ
डीआईएनः 08751137

दिनांक : 31.07.2020
स्थान : नई दिल्ली

(अश्विनी सोंधी)
निदेशक
डीआईएन : 02653076

(संजय चड्डा)
अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक
डीआईएन : 00752363

PURITY 92.5 GUARANTEED
Purity that glows
with the sparkle of artistry...
SANCHI
SILVER IN STYLE
Take home a piece of exclusive Sanchi silverware
• Decorative Items • Utility Items • Table Accessories • Religious Items •
For all your silverware purchases, visit MMTC's showrooms in Delhi at:
MMTC Limited, Core 1, SCOPE Complex, 7 Institutional Area, Lodhi Road, New Delhi - 110003, Ph.: 011-24365805 | MMTC Limited, F-8-11, Jhandewalan Flatted Factories Complex, Rani Jhansi Road, New Delhi - 110055, Ph.: 011-23513793/23542293 | MMTC Showroom, Cross River Mall, G-41, Ground Floor, CBD Ground, Shahdara, Delhi - 110032 Ph.: 011-42111877
Items may differ, subject to availability of stock.
एमएमटीसी
लिमिटेड
MMTC
LIMITED
भारत सरकार का उपक्रम
A GOVT. OF INDIA ENTERPRISE
touching lives, adding value
SHARAD
For enquiries, call our All-India Toll Free No. 1800 1800 000 (9 am to 9 pm) or visit www.mmtclimited.com
MMTC.LTD
mmtc_ltd
mmtc_ltd/

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
वित्तीय विवरण

(कंपनी पंजीकरण संख्या 199407265)



31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय विवरण के लिए निदेशकों का विवरण और लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)

निदेशकों का कथन
31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

निदेशकगण 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए एमएमटीसी ट्रांसनेशनल प्राइवेट लिमिटेड(कंपनी) के अंकेक्षित वित्तीय विवरण के साथ सदस्यों को अपनी विवरण रिपोर्ट प्रस्तुत करते हैं।

1. निदेशकों की राय

निदेशकों की राय से

(प) वित्तीय विवरण कंपनी की 31 मार्च 2020 की सही व वास्तविक वित्तीय स्थिति दर्शातें हैं तथा वित्तीय निष्पादन में कवर की गई अवधि के दौरान कंपनी की इक्विटी तथा कैश फ्लो में हुए परिवर्तन को दर्शाते हैं; तथा

(पप) इस स्टेटमेंट की तारीख को इस बात की पुष्टि के पर्याप्त आधार हैं कि कंपनी अपने ऋणों का, जब कभी वे देय होंगें, भुगतान करने में सक्षम हैं ।

2. निदेशकगण

रिपोर्ट प्रस्तुत करने की तिथि को निम्नलिखित निदेशक कार्यरत हैं –

अश्विनी सोंधी
देवाशीष नायक
राजीव रंजन सिन्हा (3 दिसम्बर 2019 को नियुक्त)
रवि शंकर जनार्धन
थिम्मासारथी श्रीनिवास राव

3. निदेशकों द्वारा शेयर और डिबेंचर अधिग्रहण करने हेतु व्यवस्था

कंपनी ने न तो वित्तीय वर्ष के अंत में और न ही वित्तीय वर्ष के दौरान ऐसी किसी भी व्यवस्था में हिस्सा लिया जिसका उद्देश्य कंपनी के निदेशकों को कंपनी या अन्य किसी कारपोरेट संस्था के शेयर या डिबेंचर अर्जित करके लाभ पहुंचाया जाना हो।

4. शेयर अथवा डिबेंचरों में निदेशकों का हित

सिंगापुर कंपनीज अधिनियम, चेप्टर 50 (अधिनियम) की धारा 164 के अंतर्गत निदेशकों की शेयर हिस्सेदारी रजिस्टर के अनुसार वित्तीय वर्ष के अंत में पद पर रहते हुए किसी भी निदेशक का कंपनी या संबंधित निगमों के शेयरों अथवा डिबेंचरों में हिस्सेदारी नहीं थी और वित्तीय वर्ष के प्रारंभ में या के अंत में और निगम से संबद्ध है।

5. शेयर विकल्प

वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के जारी न किये गए शेयर लेने के लिए विकल्प नहीं दिया गया।

विकल्प व्यवस्था के तहत वित्तीय वर्ष के दौरान कंपनी के जारी न किये गए शेयर लेने के लिए कोई शेयर जारी नहीं किए गए।

वित्तीय वर्ष के अंत तक विकल्प के अंतर्गत कंपनी के जारी न किए गए शेयर उपलब्ध नहीं थे।

6. स्वतंत्र लेखा परीक्षक

लेखा परीक्षक टीकेएनपी इंटरनेशनल पब्लिक एकाटेंटस एंड चार्टर्ड एकाउटेंट ऑफ सिंगापुर ने लेखा परीक्षक के रूप में पुनर्नियुक्ति स्वीकार करने की इच्छा जताई है।

निदेशकों की ओर से

थिम्मा सारथी श्रीनिवास राव
निदेशक

देवाशीष नायक
निदेशक

तिथि: 8 जुलाई 2020

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)

31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए
स्वतंत्र लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड के शेयरधारकों को स्वतंत्र लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट

अंकेक्षित वित्तीय विवरणों पर रिपोर्ट

राय

हमने एमएमटीसी ट्रांसनेशनल प्रा. लिमिटेड (कंपनी) के वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है जिसमें 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए वित्तीय स्थिति का विवरण, लाभ व हानि विवरण और अन्य व्यापक आय, इक्विटी व परिवर्तन, नगद प्रवाह विवरण शामिल हैं और इसमें वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी तथा महत्वपूर्ण लेखा–नीतियों का संक्षिप्त विवरण है। हमारे मत से संलग्न वित्तीय विवरणों को कंपनी अधिनियम, चेप्टर 50 (अधिनियम) के अनुसार उचित रूप से और सिंगापुर में वित्तीय रिपोर्टिंग मानक (एफआरएसएस) के प्रावधानों के अनुसार तैयार किए गए हैं ताकि 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए इस दिन कंपनी की वित्तीय स्थिति और वित्तीय निष्पादन, इक्विटी में परिवर्तन और कंपनी के नगद प्रवाह की सत्य एवं साफ स्थिति प्रस्तुत की जा सके।

हमारे विचार में एमएमटीसी ट्रांसनैशनल पीटीई लि. (''दि कंपनी'') के वित्तीय विवरण कंपनीज एक्ट, चैप्टर 50(''दि एक्ट'') तथा सिंगापुर के वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (''एफआरएसज'') के प्रावधानों के अनुसार इस प्रकार से तैयार किए गए हैं कि ये 31 मार्च, 2019 की स्थिति के अनुसार कंपनी की वित्तीय स्थिति तथा इसी तारीख को समाप्त वर्ष की स्थिति के अनुसार कंपनी के वित्तीय कार्यनिष्पादन, इक्विटी तथा कैश फ्लो में परिवर्तन की सत्य तथा सही स्थिति दर्शा सके।

मत का आधार

हमने लेखापरीक्षा से संबंधी सिंगापुर मानकों (''एसएसएज'') के अनुसार अपनी लेखापरीक्षा की है। इन मानकों के तहत आने वाली जिम्मेदारियों का वर्णन हमने अपनी इस रिपोर्ट के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में लेखापरीक्षक की जिम्मदारियां भाग में किया है। हम कंपनी से स्वतंत्र लेखा परीक्षक हैं हम एकाउंटिंग एंड कारपोरेट रेगुलेटरी अथारिटी (एसीआरए) कोड आफ प्रफेशनल कंडक्ट एंड एथिक्स फार पब्लिक एकाउटेंटस एंटिटीस (एसीआरएकोड) के अनुसार हम केंपनी के स्वतंत्र निदेशक हैं नैतिक जरूरत जो सिंगापुर में हमारे वित्तीय विवरणों के अंकेक्षण के लिए तर्कसंगत है के साथ लेखापरीक्षा करते हैं और इन अपेक्षाओं और एसीआरए कोड के अनुसार नैतिक दायित्वों को भी पूरा करते हैं। हमारा विश्वास है कि हमने आडिट के जो साक्ष्य जुटाए हैं वे हमारे मत निर्माण के लिए पर्याप्त व उचित हैं ।

अन्य सूचना

अन्य सूचनाओं के लिए प्रबंधतंत्र उत्तरदायी है। अन्य सूचना में निदेशकों का कथन पृष्ठ 1 से 2 तक शामिल है ।

वित्तीय विवरणों पर हमारे मत में अन्य सूचना कवर नही होती है तथा हम उन पर अपना आश्वासन नहीं देते हैं।

वित्तीय विवरणों की हमारी आडिट के मामले में हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना है तथा ऐसा करते समय हमने यह देखना है कि क्या अन्य सूचना वित्तीय विवरणों अथवा आडिट से प्राप्त हमारे ज्ञान के असंगत है अथवा अन्य किसी तरह से गलत रूप में प्रस्तुत की गई है। अन्य सूचना पर हमारे द्वारा किए गए कार्य के आधार पर हमारे निष्कर्ष में यह पता चलता है कि इस अन्य सूचना में कोई तथ्य गलत तरह से प्रस्तुत किया गया है तो उस स्थिति में हमें उस तथ्य को रिपोर्ट करना होता है। हमें इस बारे में कोई रिपोर्ट नहीं करनी है।

अन्य मामले

31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के वित्तरीय विवरणों की लेखापरीक्षा अन्य लेखापरीक्षक फर्म ने की है जिसने उन विवरणों पर 22 मई 2019 को असंशोधित राय व्यक्त की है!

वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन और निदेशकों की जिम्मेदारियां

प्रबंधन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए उत्तरदायी है जो अधिनियम और एफआरएस के प्रावधानों के अनुसार एक सत्य एवं सही स्थिति व्यक्त करता है, और आंतरिक लेखा नियंत्रण की एक प्रणाली को तैयार करने और बनाए रखने के लिए पर्याप्त आश्वासन प्रदान करने के लिए पर्याप्त है जो कि परिसंपत्तियों के नुकसान, अनधिकृत उपयोग से सुरक्षित है। साथ ही लेनदेन को उचित प्रकार से अधिकृत किया गया है और उन्हें ठीक से रिकार्ड किया जाता है ताकि उनसे सही और सत्य वित्तीय विवरण तैयार किए जा सके और परिसंपत्तियों की सुरक्षा के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके।

वित्तीय विवरणों को तैयार करने में, मैनेजमेंट की जिम्मेदारी है कि वह कंपनी की योग्यता का मूल्यांकन करे कि कंपनी एक गोइंग कंसर्न है तथा गोइंग कंसर्न से संबंधित मान्य सूचनाओं का खुलासा करे तथा अकाउंटिंग के लिए गोइंग कंसर्न के नियमों का अनुपालन करे। इन सबका पालन तब तक करे जब तक कि मैनेजमेंट कंपनी को बंद करने अथवा परिचालन बंद करने की न सोच रही हो अथवा इसके अलावा कोई विकल्प न बचा हो।

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)

31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए
स्वतंत्र लेखा–परीक्षकों की रिपोर्ट

निदेशकों की जिम्मेदारी में कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी शामिल है ।

वित्तीय विवरणों की ऑडिट के लिए लेखापरीक्षक की जिम्मेदारी

आडिट के लिए हमारा उद्देश्य ऐसा उचित आश्वासन प्राप्त करना है कि वित्तीय विवरणों में किसी भी सूचना अथवा तथ्य को गलत तरीके से प्रस्तुत नहीं किया गया है चाहे इसमें कोई धोखाधड़ी हो अथवा त्रुटि हो। साथ ही हमें एक आडिटर की रिपोर्ट जारी करनी होती है जिसमें हमें अपना मत शामिल करना होता है। उचित आश्वासन एक उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसएसए के अनुसार की गई ऑडिट हमेशा ही किसी महत्वपूर्ण गलत सूचना तथा तथ्य के मौजूद होने की स्थिति में उसका पता लगाएगी। धोखाधड़ी या त्रुटि से गलत स्थिति उत्पन्न हो सकती है और यदि व्यक्तिगत रूप से अथवा सामुहिक तौर पर इन सूचनाओ तथा तथ्यों को ध्यान में रखते हुए कोई निर्णय लिया जाता है तो इससे निर्णय प्रभावित होने की संभावना बनी रहती है।

एसएसए के अनुसार लेखापरीक्षा के एक हिस्से के रूप में, हम व्यावसायिक निर्णय लेने और लेखा परीक्षा में पेशेवर संदेह बनाए रखते हैं। हम यह भी करते हैं :

- वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत तथ्यों के जोखिमों को पहचानें और उनका आकलन करें, तथा ऐसी आडिट प्रक्रिया बनाए और अपनाए जो इन जोखिमों का सामना कर सके। साथ ही ऐसे आडिट साक्ष्य जुटाएं जो हमारे मत को बनाने के लिए पर्याप्त तथा उपयुक्त आधार प्रदान करते हों। धोखाधड़ी का पता लगने के कारण उत्पन्न होने वाला जोखिम त्रुटि के कारण होने वाले जोखिम की तुलना में बड़ा है चूंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, जानबूझकर की गई चूक, गलत प्रस्तुतिकरण, या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकती है।
- परिस्थितियों में उपयुक्त ऑडिटिंग प्रक्रियाओं को तैयार करने के लिए ऑडिट के लिए प्रासंगिक आंतरिक नियंत्रण की जानकारी प्राप्त करें, लेकिन कंपनी के आंतरिक नियंत्रण की प्रभावशीलता पर कोई राय व्यक्त करने के उद्देश्य से नहीं।
- लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता का मूल्यांकन और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन अनुमानों और संबंधित प्रकटीकरण की विश्वसनीयता का मूल्यांकन करना।
- लेखांकन के लिए प्रबंधन द्वारा गोइंग कंसर्न के उपयोग की उपयुक्तता पर विचार करना और, लेखा परीक्षा के सबूतों के आधार पर, चाहे एक अनिश्चितता घटना या स्थिति से संबंधित है, जो कंपनी की गोइंग कंसर्न के जारी रखने की क्षमता पर संदेह पैदा कर सकती है। अगर हम निष्कर्ष निकालते हैं कि एक महत्वपूर्ण अनिश्चितता मौजूद है, तो हमें वित्तीय विवरणों में संबंधित लेखापरीक्षा के संबंध में अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करना होगा या यदि यह खुलासा अपर्याप्त है, तो अपनी राय को संशोधित करना होगा। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखा परीक्षक की रिपोर्ट की तारीख तक प्राप्त लेखा परीक्षा के प्रमाण पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाओं या स्थितियों के चलते कंपनी को गोइंग कंसर्न को बंद करना होगा।
- वित्तीय विवरणों के प्रस्तुतीकरण, स्ट्रक्चर तथा खुलासे का मूल्यांकन करना होता है तथा यह भी देखना होता है कि क्या वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन तथा घटनाओं को सही प्रकार से प्रस्तुत करते हैं ।

हम निदेशकों के साथ अन्य बातों के साथ–साथ योजनाबद्ध क्षेत्र और लेखापरीक्षा के समय और महत्वपूर्ण लेखापरीक्षा निष्कर्षों के बारे में संवाद करते हैं, जिसमें आंतरिक नियंत्रण में कोई भी महत्वपूर्ण कमी शामिल है, तो उसकी पहचान हम अपनी लेखापरीक्षा के दौरान करते हैं।

अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट

हमारी राय में, एक्ट द्वारा अपेक्षित अकाउंटिंग तथा अन्य रिकार्ड का रखरखाव कंपनी ने एक्ट के प्रावधानों के अनुसार किया है।

इस स्वतंत्र लेखा परीक्षक रिपोर्ट में आडिट परिणाम के लिए पार्टनर ओंग लीन वान को शामिल किया गया है।

टीकेएनपी इंटरनेशनल

पब्लिक एकाउंटस एंड चार्टर्ड एकाउटेंटस

सिंगापुर

तिथि : 8 जुलाई 2020

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)
वित्तीय स्थिति का विवरण
31 मार्च, 2020 को

	टिप्पणी	2020 अमेरिकी डालर	2019 अमेरिकी डालर
परिसंपत्तियां			
गैर चालू परिसंपत्तियां			
परिसंपत्ति, संयंत्र और उपकरण	4	**5,130**	7,241
परिसंपत्ति उपयोग का अधिकार	5	**87,859**	-
अन्य परिसंपत्तियां	6	**26,969**	4,881
		119,958	12,122
चालू परिसंपत्तियां			
नगद और नगद समकक्ष	7	**14,139,152**	11,434,436
व्यापार और अन्य प्राप्य	8	**18,530,582**	22,976,853
इंवेन्ट्री		**-**	19,552
अन्य परिसंपत्तियां	6	**-**	14,274
		32,669,734	34,445,115
कुल परिसंपत्तियां		**32,789,692**	34,457,237
देयताएं और इक्विटी			
चालू देयताएं			
व्यापार और अन्य देय	9	**3,710,149**	16,450,875
ऋण	10	**15,589,023**	5,716,873
लीज देयाता	11	**88,966**	-
आयकर खर्चे		**144,964**	-
		19,533,102	22,167,748
इक्विटी			
शेयर पूंजी	12	**1,000,000**	1,000,000
रिटेंड अर्निंग		**12,256,590**	11,289,489
		13,256,590	12,289,489
कुल देयताएं और इक्विटी		**32,789,692**	34,457,237

कृप्या संलग्न वित्तीय विवरण की टिप्पणी देखें

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)

लाभ अथवा हानि और व्यापक आय विवरण
31 मार्च, 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

	टिप्पणी	2020 अमेरिकी डालर	2019 अमेरिकी डालर
राजस्व आय	13	**333,596,463**	154,120,379
अन्य आय	14	**1,275,755**	549,635
विदेशी मुद्रा विनिमय अंतर		**(815)**	(832)
व्यय और लागत			
– कमोडिटी की खरीद		**323,673,503**	152,450,867
– भाड़ा लागत		**8,291,442**	979,650
– कर्मचारी मुआवजा	15	**697,122**	458,633
– परिसंपत्ति संयंत्र और उपकरण का मूल्यह्रास	4	**2,422**	1,938
– परिसंपत्ति उपयोग के अधिकार का मूल्यह्रास	5	**87,860**	-
– बैंक चार्जेज		**478,769**	30,661
– वित्तीय व्यय	16	**448,113**	273,800
– किराया व्यय – प्रचालन लीज		**-**	92,073
– अन्य व्यय	17	**80,107**	106,747
		(333,759,338)	(154,394,369)
पूर्व लाभ		**1,112,065**	274,813
आयकर व्यय	18	**(144,964)**	-
वर्ष के लिए लाभ जो वर्ष के लिए कुल व्यापक आय को दर्शाता है		**967,101**	274,813

	शेयर पूंजी	रिटेंड लाभ	योग
	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर
1 अप्रैल, 2018 को	1,000,000	11,014,676	12,014,676
वर्ष के लिए लाभ वर्ष की कुल व्यापक आय को दर्शाता है	-	274,813	274,813
31 मार्च 2019 को	1,000,000	11,289,489	12,289,489
1 अप्रैल 2019	1,000,000	11,289,489	12,289,489
वर्ष के लिए लाभ वर्ष की कुल व्यापक आय को दर्शाता है	-	967,101	967,101
31 मार्च 2020 को	1,000,000	12,256,590	13,256,590

वित्तीय विवरण की संलग्न टिप्पणी देखें

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)

नगद प्रवाह विवरण
31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

	टिप्पणी	2020 अमेरिकी डालर	2019 अमेरिकी डालर
प्रचालन कार्यकलापों से नगद प्रवाह			
कर पश्चात लाभ		**1,112,065**	274,813
के लिए समायोजनः			
परिसंपत्ति संयंत्र और उपकरण में मूल्यह्रास	4	**2,422**	1,938
परिसंपत्ति उपयोग के अधिकार में मूल्यह्रास	5	**87,860**	-
ब्याज खर्चे	16	**448,113**	273,800
ब्याज आय	14	**(567,650)**	(494,643)
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन से पूर्व प्रचालन लाभ		**1,082,810**	55,908
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन			
इन्वेंट्रीज में कमी		**19,552**	5,670
व्यापार एवं अन्य प्राप्य में कमी/(वृद्धि)		**4,446,271**	(10,382,325)
अन्य परिसंपत्तियों में/(वृद्धि) कमी		**(7,814)**	7,623
व्यापार एवं अन्य देय में कमी/(वृद्धि)		**(12,740,726)**	4,330,412
परिचालन कार्यकलापों में प्रयुक्त निवल नगदी		**(7,199,907)**	(5,982,712)
निवेश कार्यकलापों से रोकड़ प्रवाह			
प्राप्त ब्याज		**567,650**	306,708
परिसंपत्ति, संयंत्र एवं उपकरणों की खरीद	4	**(311)**	(8,945)
अन्य पार्टी को ऋण		**-**	177
निवेश कार्यकलापों में अर्जित निवल नगदी		**567,339**	297,940
वित्तीय कार्यकलापों से रोकड़ प्रवाह			
सावधि जमा गिरवी	A	**(1,895,140)**	(10,736,207)
उधारी से आय	A	**9,872,150**	5,716,873
लीज देयता का पुनर्भुगतान	A	**(86,753)**	-
प्रदत्त ब्याज	16	**(448,113)**	(273,800)
वित्तीय कार्यकलापों से अर्जित (में प्रयुक्त)		**7,442,144**	(5,293,134)
रोकड़ तथा रोकड़ समकक्ष में निवल (वृद्धि) ध्कमी		**809,576**	(10,977,906)
वर्ष के आरंभ में रोकड़ तथा रोकड़ समकक्ष		**698,229**	11,676,135
वर्ष के अंत में नगद एवं नगद समकक्ष	7	**1,507,805**	698,229

टिप्पणी –ए

वित्तीय कार्यकलापों से उपजी देयताओं का मिलान निम्नलिखित है :

	1 अप्रैल 2019	नगद प्रवाह	ब्याज भुगतान	अभिग्रहण	गैर नगदी परिवर्तन संचयी ब्याज	31 मार्च 2020
	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर
उधारी	5,716,873	9,872,150	(444,235)	-	444,235	15,589,023
लीज देयता	-	(86,753)	(3,878)	175,719	3,878	88,966
सावधि जमा गिरवी	(10,736,207)	(1,895,140)	-	-	-	(12,631,347)

	1 अप्रैल 2018	नगद प्रवाह	ब्याज भुगतान	गैर नगदी परिवर्तन संचयी ब्याज	31 मार्च 2019
	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर	अमेरिकी डालर
लीज देयता	-	5,716,873	(273,800)	273,800	5,716,873
सावधि जमा गिरवी	-	(10,736,207)	-	-	(10,736,207)

वित्तीय विवरण की संलग्न टिप्पणी देखें

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)

वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

ये टिप्पणियां वित्तीय विवरणों का अभिन्न अंग हैं तथा इन्हें संबंधित वित्तीय विवरणों के साथ पढ़ा जाए।

1. कारपोरेट सूचना

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल प्रा. लि. (कंपनी) शेयरों की एक प्राइवेट कंपनी सिंगापुर में निगमित तथा स्थापित है।

कंपनी के पंजीकृत कार्यालय और कंपनी का प्रगमुख व्यावसायिक स्थान 3 रैफल्स प्लेस, # 08–01 भारत बिल्डिंग, सिंगापुर – 048617 में स्थित है।

कंपनी मुख्यतः खनिजों, धातुओं, उर्वरकों, कृषि उत्पादों, कोल, गोल्ड एवं हाइड्रोकार्बन उत्पादों, आभूषण तथा अन्य कमोडिटीज का व्यापार करती है। वित्तीय वर्ष के दौरान इसके कार्यकलापों में कोई महत्वपूर्ण परिवर्तन नहीं हुआ है।

2. महत्वपूर्ण लेखा नीतियों का सारांश

2.1 लेखे तैयार करने का आधार

कंपनी के वित्तीय विवरण सिंगापुर वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों (''एफआरएस'') के अनुरूप तैयार किए गए हैं। वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक लागत प्रथाओं के अंतर्गत तैयार किया गया है सिवाय ऐसे मामलों के जिनका नीचे लेखा नीतियों में उल्लेख किया गया है।

वित्तीय विवरण यूनाईटेड स्टेट डालर(यूस $) में प्राप्त है जो कंपनी की कार्यात्मक करेंसी है।

एफआरएस के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करते समय प्रबंधतंत्र को कंपनी की लेखा नीतियों को लागू करने की प्रक्रिया में अपना निर्णय लेना होता है। इसके अतिरिक्त कुछ विशेष लेखानुमानों तथा अवधारणाओं का प्रयोग भी करना होता है। तथापि ये अनुमान प्रबंधतंत्र के वर्तमान घटनाओं और कार्रवाई के सर्वोत्तम जानकारी पर आधारित है, वास्तविक परिणाम उन अनुमानों से भिन्न हो सकते हैं। ऐसे क्षेत्र जहां अनुमान और अवधारणा वित्तीय विवरणों के लिए महत्वपूर्ण या कठिन हो सकते हैं, उनको वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 3 में दर्शाया गया है।

2.2 नई और संशोधित मानकों और व्याख्याओं को अपनाना

कंपनी द्वारा अपनाई गई लेखा नीतियां पिछले वित्तीय वर्ष में अपनाई गई नीतियों के अनुरूप हैं न कि चालू वित्तीय वर्ष के अनुरूप। कंपनी ने सभी नए और संशोधित मानकों को अपनाया है जो कंपनी के लिए उपयुक्त है और 1 जनवरी 2019 को या बाद में वार्षिक वित्तीय अवधि के लिए प्रभावी है, एफआरएस 116 को अपनाने के अलावा नीचे दी गई लीजों से इन मानकों के अपनाने से कंपनी की वित्तीय निष्पादन या स्थिति पर कोई खास प्रभाव नहीं पडता।

<u>एफआरएस 116 लीजें</u>

एफआरएस 116, एफआरएस 17 लीजें, आईएनटीएफआरएस 104 के स्थान पर है यह निश्चय करना कि व्यवस्था में लीज, आईएनटीएफआरएस 15 आपरेटिंग लीजीज–इंसेन्टीव और आईएनटीएफआरएस 27 लीगल फार्म में, लीज को शामिल करते हुए लेन देन की वास्तविकता का मूल्यांकन शामिल है। मानक लीज की पहचान, मापन, प्रस्तुति और प्रकटन का सिद्धांत निर्धारित करते हैं और लेजीज से अपेक्षा की जाती है कि वित्तीय विवरणों पर लीजों की पहचान करें।

कंपनी द्वारा बिल्डिंगों के लिए लीज कांट्रेक्ट किए हैं। एफआरएस 116 को अपनाने से पहले कंपनी ने प्रत्येक लीजों (लेसिज) को आरंभिक तिथि से ही वर्गीकृत किया है जो या तो वित लीज है या एक प्रचालन लीज। 1 अप्रैल 2019 से पहले की लेखा नीति को टिप्पणी 2.10 पर दर्शाया गया है।

लीजें जो पिछली बार प्रचालन लीजों के रूप में लिखा गया।

कंपनी ने पिछली बार प्रचालन लीज के रूप में वर्गीकृत की गई उन लीजों को उपयोग के अधिकार की परिसंपत्ति और लीज देयता की पहचान की है। इसमें लघुअवधि और कम कीमत की परिसंपत्ति शामिल नहीं है। उपयोग के अधिकार की परिसंपत्ति के लिए लीजों की पहचान केरिंग राशि के आधार पर इस तरह की गई है जैसे मानकों को हमेशा लागू किया गया है इसमें आवेदन की आरंभिक तिथि की संचित उधारी दर का प्रयोग किया गया है। लीज देयताओं की पहचान शेष लीज भुगतान वर्तमान मूल्य के आधार पर की गई है, और आरंभिक तिथि की संचयी उधारी दर के प्रयोग को बंद कर दिया गया।

कंपनी ने उपलब्ध व्यवहारिक उपायों को लागू किया है जिनमेंः

(i) उचित समान विशेषताओं के साथ लीज पोर्टफोलियो पर एकल छूट दर का उपयोग किया है।

(ii) लागू होने की आरंभिक तिथि के बिल्कुल पहले इसके मूल्यांकन पर निर्भर रहे चाहे लीज की दर ज्यादा रही है। यह हानि की समीक्षा के लिए एक विकल्प था।

(iii) लीज अवधि में लघुकालीन लीज छूट को लागू किया जो आवेदन की आरंभिक तिथि से 12 माह में समाप्त होती है।

(iv) आरंभिक लागू तिथि की तिथि को उपयोग के लिए अधिकार की परिसंपत्ति के मापन से आरंभिक तिथि लागत को निकाल दिया गया, और

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)
वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

(v) लीज टर्म के निर्धारण के लिए हिंडसाईट का उपयोग किया गया जहां कांट्रेक्ट में लीज को बढाने या समाप्त करने का विकल्प शामिल है।

तदनुसार, कार्यालय की लीज के लिए जिसे पिछली बार प्रचालन लीज के रूप में वर्गीकृत किया गया था, कंपनी ने अमेरिकी डालर 175,719 के उपयोग के अधिकार की परिसंपत्ति के रूप में पहचान की है और 17 मई 2019 को नये एग्रीमेंट के लिए कुल अमेरिकी डालर 175,719 की लीज देयता है।

2.3 मानक जारी किए गए परंतु अभी तक प्रभावी नहीं है

कंपनी ने निम्नलिखित मानकों को अपनाया नहीं है जो जारी किए गए हैं परंतु अभी प्रभावी नहीं है

	आरंभ में या बाद में वर्षिक अवधि के लिए प्रभावी
• एफआरएस में वैचारिक फ्रेमवर्क के संदर्भ मे संशोधन	1 जनवरी 2020
• एफआरएस 1 और एफआरएस 8 में संशोधन मेटिरियल की परिभाषा	1 जनवरी 2020

निदेशक यह आशा करते हैं कि उपरोक्त मानकों को अपनाने से लागू होने की आरंभिक वर्ष में वित्तीय विवरण पर कोई ठोस प्रभाव नहीं होगा।

2.4 परिसंपत्ति, संयत्र और उपकरण

परिसंपत्ति, संयत्र और उपकरण की सभी मदें पहले लागत पर रिकार्ड की जाती हैं ! पहचान के बाद संयत्र और उपकरणों का मूल्यांकन संचयी मूल्यहृास और संचयी हानि को घटाकर लागत पर किया जाता है । परिसंपत्ति, संयत्र और उपकरण की लागत में इसका खरीद मूल्य और कोई लागत जो परिसंपत्ति को स्थान पर लाने और प्रबंधतंत्र के तरीके से प्रचालन में सक्षम बनाने के लिए आवश्यक स्थिति में लगी लागत शामिल की जाती है। परिसंपत्ति, संयत्र और उपकरण की लागत एक भाग के रूप में इसके विघटन, हटाने और जीर्णोद्वार की लागत शामिल है। यदि परिसंपत्ति, संयत्र और उपकरण की उपयोग हासिल करने के लिए विघटन, हटाने और जीर्णोद्वार की जिम्मेदारी निभाने के लिए खर्च किया गया है ।

मूल्य हृास की गणना मूल्य हृास योग्य राशि आबंटित करने के लिए स्ट्रेटलाईन विधि का प्रयोग किया जाता है जो उनके अनुमानित उपयोगी समय पर की जाती है ।

	उपयोगी आयु
लीजहोल्ड सुधार	3 वर्ष
फर्नीचर व फिटिंग्स	3 वर्ष
कम्प्यूटर उपकरण	3 वर्ष
कार्यालय उपकरण	3 वर्ष

अवशिष्ट मूल्य, उपयोगी आयु और मूल्यहृास पद्धति की समीक्षा प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में की जाती है और यदि उचित हुआ तो भविष्यलक्षी समायोजन किया जाता है।

परिसंपत्ति, संयत्र और उपकरण को इसके निपटान पर या जब इसके उपयेग या निपटान से कोई भविष्य में आर्थिक लाभ की आशा नहीं होती, इसके निपटान पर अस्वीकार कर दिया जाता है। परिसंपत्ति अस्वीकार करने पर कोई लाभ या हानि को उस वर्ष में लाभ या हानि के रूप में दिखाया जाता है जिस वर्ष यह अस्वीकार की जाती है ।

2.5 गैर–वित्तीय परिसंपत्तियों की हानि

कंपनी प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि से आंकलन करती है क्या ऐसा कोई संकेत है कि परिसंपत्ति की हानि हुई है यदि ऐसा संकेत होता है या जब किसी परिसंपत्ति के लिए वाषिक हानि की टेस्टिंग की आवश्यकता होती है तो कंपनी वसूली राशि के लिए आंकलन तैयार करती है।

परिसंपत्ति की वसूली मूल्य परिसंपत्ति के या नगद–अर्जन यूनिट के उचित मूल्य को घटा कर निपटान की लागत और उपयोग में मूल्य से अधिक होती है और इससे एक परिसंपत्ति के लिए निर्धारण होता है जब तक परिसंपत्तियां नगद प्रवाह अर्जित न करें जो पूरी तरह से अन्य परिसंपत्तियों या समूह से स्वतंत्र हैं। जब किसी परिसंपत्ति की केरिंग राशि या नगद अर्जन यूनिट अपने वसूली राशि से अधिक होती है तो ऐसी परिसंपत्ति की हानि मानी जाती है और यह इसी वसूली मूल्य से कम हो जाती है।

हानियों की पहचान लाभ या हानि से की जाती है।

पहले पहचान की गई हानि को केवल उस स्थिति में रिवर्स किया जाता है जब हानि के समय में परिसंपत्ति की वसूली योग्य राशि का निर्धारण करने के लिए आंकलन में परिवर्तन किया गया हो। परिसंपत्ति केरिंग राशि को इसकी वसूली योग्य राशि तक बढ़ाया जाता है बशर्ते कि यह राशि केरिंग राशि से अधिक न हो यदि परिसंपत्तियों में किसी हानि का निर्धारण मूल्यहृास से कम करने के लिए किया गया हो ऐसे रिवर्सल का लाभ या हानि की पहचान की जाती है।

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)
वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

2.6 वित्तीय इंस्ट्रूमेंट

वित्तीय परिसंपत्तियां

आरंभिक पहचान और मूल्यांकन

वित्तीय संपत्ति की पहचान जब और केवल जब की जाती हैं जब कंपनी इंस्ट्रूमेशन के संविदात्मक प्रावधान की पार्टी बनती है । प्रारंभिक पहचान पर कंपनी वित्तीय परिसंपत्ति के उचित मूल्य जमा पर करती है।

एफवीपीएल पर वित्तीय परिसंपत्ति के मामले में वित्तीय परिसंपत्तियों की अधिप्राप्ति में सीधे लेन–देन लागत को शामिल किया जाता है। वित्तीय परिसंपत्तियों के लेन–देन लागत जो एफवीपीएन पर लाये जाते हैं वे लाभ या हानि के खर्चे के रूप में दिखाये जाते हैं।

व्यापार प्राप्य का मूल्यांकन उस राशि पर किया जाता है जिसके लिए कंपनी द्वारा ग्राहक को वादा किया गया माल या सेवा को बदले में लेने का पात्र होने की अपेक्षा करती है। यदि आरंभिक पहचान के व्यापार प्राप्य में महत्वपूर्ण वित्तीय घटक शामिल नहीं हैं तो थर्ड पार्टी की ओर से एकत्र राशि शामिल नहीं होती।

अनुवर्ती मूल्यांकन

डेट इंस्ट्रूमेंट में निवेश

डेट इंस्ट्रूमेंट का अनुवर्ती मूल्यांकन परिसंपत्तियों को व्यवस्थित करने और परिसंपत्तियों के संविदात्मक नगद प्रावह की विशिष्टताओं के लिए कंपनी के व्यवसाय माडल पर निर्भर करता है। डेट इस्ट्रूमेंट के वर्गीकरण के लिए तीन मूल्यांकन श्रेणियां है परिशोधित लागत, एफवीओसीएल और एफवीपीएल। कंपनी के पास केवल परिशोधित लागत पर डेट इंस्ट्रूमेंट है ।

वित्तीय परिसंपत्तियों को संविदात्मक नगद प्रवाह के कनेक्शन के लिए रोका जाता है। ये नगद प्रवाह पूरी तरह मूल राशि और ब्याज भुगतान का ही भाग है और इसका मूल्यांकन परिशोधित लागत पर किया जाता है। वित्तीय परिसंपत्तियों का मूल्यांकन लागत पर किया जाता है जिसमें प्रभावी ब्याज पद्धति का प्रयोग किया जाता है। इनमें लाभ या हानि में पहचाने गए हानि, लाभ को घटाया जाता है जब परिसंपत्तियां अस्वीकार या हानि दिखाया जाता है और यह सब परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाता है।

डिरिकोगनिशन

वित्तीय परिसंपत्ति तब अस्वीकृत होती है जब परिसंपत्ति से नगद प्रवाह का संविदात्मक अधिकार खत्म हो जाता है। वित्तीय परिसंपत्ति जब पूर्ण रूप से अस्वीकृत हो जाती है तब केरिंग राशि और उनके लिए मिली राशि और कोई भी संचयी लाभ या हानि डेट इंस्ट्रूमेंट के लिए अन्य व्यापक आय में पहचान की जाती है, को लाभ अथवा हानि में पहचान की जाती है।

वित्तीय देयताएं

आरंभिक पहचान और मूल्यांकन

वित्तीय देयताओं की पहचान जब और जब केवल कंपनी वित्तीय इंस्ट्रूमेंट के संविदात्मक प्रावधान की एक पार्टी बनती है। कंपनी आरंभिक पहचान पर अपने वित्तीय देयताओं के वर्गीकरण का निर्धारण करती है।

सभी वित्तीय देयताओं की पहचान उचित मूल्य जमा पर वित्तीय देताएं एफवीपीएल पर न होते हुए सीधे लेन–देन लागत पर होती है।

अनुवर्ती मूल्यांकन

आरंभिक पहचान के बाद वित्तीय देयताएं एफवीपीएल पर भी ले जाये जाते, वे तदोपरांत परिशोधन लागत पर मूल्यांकित की जाती है जिसकें प्रभावी ब्याज पद्धति का उपयोग किया जाता है । जब देयताएं अस्वीकृत हो जाती हैं तो परिशोधन प्रक्रिया के माध्यम से लाभ व हानियां लाभ अथवा हानि में पहचाने जाते हैं ।

डिरिकोगनिशन

वित्तीय देयताएं अस्वीकृत की जाती हैं जब देयता के अंतर्गत दायितव डिस्चार्ज या कैंसिल या समाप्त हो जाता है । अस्वीकृत होने पर केरिंग राशि और एवज में भुगतान के बीच अंतर की पहचान लाभ अथवा हानि में की जाती है ।

2.7 वित्तीय परिसंपतियों की हानि

कंपनी एफवीपीएल में नहीं रखे गए सभी डेट इंस्ट्रूमेंट्स के लिए अपेक्षित क्रेडिट लॉस (ईसीएल) के लिए एक भत्ते की पहचान करती है। ईसीएल अनुबंध के अनुसार संविदात्मक नकदी प्रवाह के बीच अंतर पर आधारित है और सभी नकदी प्रवाह जो कि कंपनी को प्राप्त होने की उम्मीद है मूल प्रभावी ब्याज दर के एक अनुमान पर छूट होती है। अपेक्षित नकदी प्रवाह में कोलेट्रल की बिक्री से नकदी प्रवाह शामिल होगा या अन्य क्रेडिट संवर्द्धन जो अनुबंध की शर्तों का अभिन्न हैं।

ईसीएल की पहचान दो चरणों में होती है। क्रेडिट एक्सपोजर के लिए जिसमें प्रारंभिक मान्यता के बाद से क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है ईसीएल को क्रेडिट हानि के लिए प्रदान किया जाता है जो कि अगले 12 महीनों (12 महीने की ईसीएल) के भीतर होने वाली डिफॉल्ट घटनाओं से उत्पन्न होता है। उन क्रेडिट एक्सपोज़र के लिए जिनके लिए प्रारंभिक पहचान के बाद से क्रेडिट जोखिम में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जोखिम के लिए एक नुकसान भत्ते की पहचान की गई है, जो डिफ़ॉल्ट के समय के बावजूद जोखिम के शेष जीवन पर अपेक्षित है, (जीवनकाल ईसीएल)।

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)
वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

व्यापार प्राप्य के लिए, कंपनी ईसीएल की गणना में एक सरलीकृत दृष्टिकोण अपनाती है। इसलिए, कंपनी क्रेडिट जोखिम में परिवर्तन को ट्रैक नहीं करती है, बल्कि प्रत्येक रिपोर्टिंग तिथि पर जीवन भर ईसीएल के आधार पर नुकसान भत्ते की पहचान करती है। कंपनी ने एक प्रावधान मैट्रिक्स की स्थापना की है जो उसके ऐतिहासिक क्रेडिट हानि के अनुभव पर आधारित है, जो देनदार और आर्थिक वातावरण के लिए विशिष्ट फॉरवर्ड दिखने वाले कारकों के लिए समायोजित किया गया है जो देनदार की भुगतान करने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

कंपनी डिफॉल्ट से एक वित्तीय परिसंपत्ति पर विचार करती है जब संविदात्मक भुगतान पिछले 180 दिन से देय होते हैं। हालाँकि, कुछ मामलों में, कंपनी किसी वित्तीय परिसंपत्ति को तब भी डिफ़ॉल्ट मान सकती है जब आंतरिक या बाहरी जानकारी यह इंगित करती है कि कंपनी के स्वामित्व में किसी भी क्रेडिट संवर्द्धन को ध्यान में रखते हुए कंपनी को पूर्ण रूप से बकाया संविदा राशि प्राप्त होने की संभावना नहीं है। एक वित्तीय परिसंपत्ति बट्टे खाते में डाल दी जाती है, जब संविदात्मक नकदी प्रवाह की वसूली की कोई उचित उम्मीद नहीं होती है।

2.8 अनुबंध संतुलन

अनुबंध परिसंपत्तियां

एक अनुबंध परिसंपत्ति ग्राहक को हस्तांतरित वस्तुओं या सेवाओं के बदले में मुआवजे का अधिकार है। यदि कंपनी ग्राहक को मुआवजे से पहले या भुगतान देय होने से पहले किसी वस्तु या सेवाओं को किसी ग्राहक को हस्तांतरित करती है, तो अनुबंधित परिसंपत्ति की सशर्त रूप से अर्जित मुआवजे की पहचान की जाती है।

अनुबंध देयताएं

एक अनुबंध दायित्व ग्राहक के लिए वस्तुओं या सेवाओं को स्थानांतरित करने का दायित्व है जिसके लिए कंपनी को ग्राहक के लिए मुआवजे (या मुआवजे की राशि देय है) प्राप्त हुई है। यदि ग्राहक कंपनी को सामान या सेवा स्थानांतरित करने से पहले मुआवजा देत.ा है, तो भुगतान किए जाने या भुगतान शुल्क होने पर (जो भी पहले हो) एक अनुबंध देयता की पहचान की जाती है। अनुबंध देयताओं को राजस्व के रूप में पहचाना जाता है जब कंपनी अनुबंध के तहत निष्पादित करती है।

2.9 इन्वेंट्री

इन्वेंट्री निचले लागत मूल्य और निवल वसूली योग्य मूल्य पर दर्शाई जाती है। लागत की गणना भारित औसत लागत पद्धति का उपयोग करके की जाती है और इसमें इन्वेंट्री को उनके वर्तमान स्थान और स्थिति में लाने में खरीद की सभी लागत, परिवर्तन की लागत और अन्य लागत शामिल होती है। निवल वसूली योग्य मूल्य साधारण व्यापार प्रकिया में बिक्री का अनुमानित मूल्य है, इिसमें से बिक्री करने के लिए आवश्यक अनुमानित लागत का घटाया जाता है।

आवश्यक होने पर, खराब पुरानी और धीमी गति से चलने वाली वस्तुओं के लिए भत्ते प्रदान किये जाते है, ताकि इन्वेंट्र के कैरिंग मूल्य को निचले लागत मूल्य और निवल वसूली योग्य मूल्य पर समायोजित किया जा सके।

2.10 नकद और नकद समकक्ष

नकद और नकद समकक्षों में बैंकों की राशि और नकदी शामिल होती है और मूल्य में परिवर्तन के एक महत्वपूर्ण जोखिम के अधीन होते हैं।

2.11 शेयर पूंजी

साधारण शेयरों को जारी करने से प्राप्त होने वाली राशि इक्विटी में शेयर पूंजी के रूप में पहचानी जाती है। साधारण शेयरों को जारी करने के लिए इंक्रीमेंटल लागत सीधे तौर पर शेयर पूंजी के लिए घटा दी जाती है।

2.12 लीजें

ये लेखांकन नीतियां एफआरएस 116, 1 अप्रैल 2019 की प्रारंभिक लागू तिथि के बाद या उस दिन लागू की जाती हैं:

कंपनी अनुबंध आंरभ होने पर आकलन करती है कि अनुबंध क्या है, या इसमें लीज है। यही है, यदि अनुबंध मुआवजें के बदले में किसी पहचानी गई परिसंपत्ति के उपयोग की अवधि को नियंत्रित करने का अधिकार देता है।

पट्टेदार के रूप में

कंपनी सभी पट्टों के लिए एकल पहचान और मुल्यांकन का दृष्टिकोण लागू करती है। अल्पकालिक पट्टों और कम मूल्य की परिसंपत्तियों के पट्टों को छोड़कर। कंपनी लीज भुगतान करने के दायित्वों के रूप में लीज देनदारियों को पहचानती है और अंतर्निहित पट्टेदार परिसपंत्तियों का उपयोग करने के अधिकार के रूप में प्रतिनिधित्व करने वाली राइट–ऑफ–यूज परिसंपत्तियां होती है।

उपयोग की संपत्ति

कंपनी पट्टे की शुरुआत की तारीख (अंतर्निहित परिसंपत्ति उपयोग के लिए उपलब्ध है) पर सही उपयोग की परिसंपत्तियों को पहचानती है। उपयोग की जाने वाली संपत्तियों को लागत पर मापा जाता है, किसी भी संचित मूल्यह्रास और हानि, और पट्टे की देनदारियों के किसी भी पुनर्भुगतान के लिए समायोजित किया जाता है। उपयोग की परिसंपत्तियों की सही लागत में लीज देनदारियों की मान्यता, आरंभिक

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)
वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

प्रत्यक्ष लागत और लीज भुगतान के बाद या शुरू होने से पहले ली गई किसी भी लीज प्रोत्साहन की राशि शामिल है। पट्टे की अवधि और परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी जीवन के आधार पर सीधे उपयोग के आधार पर संपत्ति का सही उपयोग किया जाता है।

वित्तीय विवरणों में कंपनी की अधिकार–सम्पत्ति का नोट 5 में उल्लेख किया गया है।

लीज देनदारी

लीज की शुरुआत की तारीख में, कंपनी लीज अवधि में किए जाने वाले लीज भुगतानों के वर्तमान मूल्य पर मापी गई लीज देयताओं को पहचानती है। पट्टे के भुगतानों में निश्चित भुगतान (वास्तविक स्थायी भुगतानों सहित) कम किसी भी पट्टे के प्रोत्साहन प्राप्य, परिवर्ती पट्टे के भुगतान जो एक सूचकांक या एक दर पर निर्भर करते हैं, और अवशिष्ट मूल्य की गारंटी के तहत भुगतान की जाने वाली राशियों को शामिल किया जाता है। पट्टे के भुगतान में कंपनी द्वारा प्रयोग किए जाने वाले खरीद विकल्प का उपयोग मूल्य भी शामिल होता है और पट्टे को समाप्त करने के लिए जुर्माने का भुगतान, यदि पट्टा शर्तें कंपनी पटटा समाप्त करने के विकल्प का उपयोग करने को दर्शाता है। परिवर्ती लीज भुगतान जुर्माने जो किसी इंडेक्स या दर पर निर्भर नहीं होते हैं, वे उस खर्च के रूप में पहचाने जाते हैं (जब तक कि वे इन्वेंट्री तैयार करने के लिए खर्च नहीं किए जाते हैं) जिस अवधि में भुगतान को ट्रिगर करने वाली घटना या स्थिति होती है।

कंपनी के पट्टे की देनदारियों का उल्लेख नोट 11 में वित्तीय विवरणों में किया गया है।

एफआरएस 116, 1 अप्रैल 2019 की प्रारंभिक उपयोग तिथि से पहले इन लेखांकन नीतियों को लागू किया जाता है:

ऑपरेटिंग लीज भुगतानों को लीज अवधि के आधार पर स्ट्रेट–लाइन आधार पर लाभ या हानि में व्यय के रूप में पहचाना जाता है। पट्टेदार द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहनों का कुल लाभ एक सीधी रेखा के आधार पर पट्टे की अवधि में किराये के खर्च में कमी के रूप में माना जाता है।

2.13 राजस्व की पहचान

राजस्व को उस आय के आधार पर मापा जाता है जिस पर कंपनी को उम्मीद है कि तीसरे पक्ष की ओर से एकत्र की गई राशियों को छोड़कर किसी ग्राहक को दिए गए माल या सेवाओं को हस्तांतरित करने के बदले में होता है।

राजस्व की पहचान तब की जाती है जब कंपनी ग्राहक को दिए गए वादे या सेवा को स्थानांतरित करके एक निष्पादन दायित्व को पूरा करती है, जब ग्राहक माल या सेवा का नियंत्रण प्राप्त करता है। एक निष्पादन दायित्व समय को पूरा करने के समय के साथ एक समय सीमा में पूरा हो जाता है। पहचाने गये राजस्व की राशि निष्पादन दायित्व को पूरा करने के लिए आवंटित राशि है।

कमोडिटी की बिक्री

बिक्री को तब पहचाना जाता है जब कमोडिटी का नियंत्रण अपने ग्राहकों को हस्तांतरित कर दिया गया हो (अर्थात। निश्चित समय पर)। अप्रचलन और हानि का जोखिम ग्राहकों को हस्तांतरित कर दिया गया है, और या तो ग्राहकों ने माल को बिक्री अनुबंध के अनुसार स्वीकार कर लिया है, स्वीकृति प्रावधान समाप्त हो गए हैं, या कंपनी के पास इस बात के सबूत हैं कि स्वीकृति के सभी मानदंड पूरे हैं। वित्तपोषण के किसी भी तत्व को मौजूद नहीं माना जाता है क्योंकि बिक्री 30 से 180 दिनों के क्रेडिट अवधि के साथ की जाती है, जो बाजार के अनुरूप है।

ब्याज आय

मूल बकाया के संदर्भ में और प्रभावी ब्याज दर लागू होने पर ब्याज आय एक समय के आधार पर अर्जित की जाती है।

डेमॅरेज और प्रेषण आय

डेमरेज और प्रेषण आय की पहचान की जाती है यदि यह विश्वस्त रूप से अनुमानित है और यह संभावना है कि इसे प्राप्त कर लिया जाएगा।

2.14 संबंधित पार्टी

एक संबंधित पार्टी निम्नानुसार परिभाषित की गई है:

(ए) एक व्यक्ति या उस व्यक्ति के परिवार का करीबी सदस्य रिपोर्टिंग इकाई से संबंधित होता है यदि वह व्यक्ति:
- (i) रिपोर्टिंग इकाई पर नियंत्रण या संयुक्त नियंत्रण है;
- (ii) रिपोर्टिंग इकाई पर महत्वपूर्ण प्रभाव है; या
- (iii) रिपोर्टिंग इकाई या रिपोर्टिंग इकाई के प्रमुख प्रबंधन कर्मियों का एक सदस्य है।

(बी) निम्नलिखित में से कोई भी शर्त लागू होने पर एक इकाई एक रिपोर्टिंग इकाई से संबंधित होती है:
- (i) इकाई और रिपोर्टिंग इकाई एक ही समूह के सदस्य हैं (जिसका अर्थ है कि प्रत्येक मूल, सहायक और दूसरों से संबंधित है)।
- (ii) एक इकाई अन्य इकाई का एक सहयोगी या संयुक्त उद्यम है (या एक समूह के सदस्य का एक सहयोगी या संयुक्त उद्यम, जिसमें दूसरी इकाई एक सदस्य है)।

एमएमटीसी ट्रांसनेशनल पीटीई लिमिटेड
(पंजीकरण संख्या 199407265एम)
वित्तीय विवरणों पर टिप्पणियां
31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए

(iii) दोनों संस्थाएँ एक ही अन्य पार्टी के संयुक्त उपक्रम हैं।

(iv) एक इकाई तीसरी इकाई का संयुक्त उद्यम है और दूसरी इकाई अन्य इकाई का सहयोगी है।

(v) इकाई रिपोर्टिंग इकाई या रिपोर्टिंग इकाई से संबंधित इकाई के कर्मचारियों के लाभ के लिए एक रोजगार के बाद की योजना है। यदि रिपोर्टिंग इकाई स्वयं ऐसी योजना है, तो प्रायोजक नियोक्ता भी रिपोर्टिंग इकाई से संबंधित हैं।

(vi) इकाई को (क) में पहचाने गए व्यक्ति द्वारा नियंत्रित या संयुक्त रूप से नियंत्रित किया जाता है।

(vii) (क) (i) में पहचाने गए व्यक्ति का इकाई पर महत्वपूर्ण प्रभाव होता है या वह इकाई के प्रमुख प्रबंधन कर्मियों (या मूल इकाई) का सदस्य होता है।

(viii) इकाई, या समूह का कोई भी सदस्य जिसका यह एक हिस्सा है, रिपोर्टिंग इकाई या रिपोर्टिंग मूल इकाई को मुख्य प्रबंधन कार्मिक सेवाएं प्रदान करता है।

निम्नलिखित अनावश्यक संबंधित पार्टी है:

